


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 322

ग्वालियर, गुरुवार 11 अगस्त 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## सुप्रीम कोर्ट से नूपुर शर्मा को बड़ी राहत, सभी केस दिल्ली ट्रांसफर करने के आदेश

### इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पहले सख्त टिप्पणी की थी

**नई दिल्ली।** पैगंबर मुहम्मद पर पूर्व बीजेपी प्रवक्ता नूपुर शर्मा की टिप्पणी के बाद अलग-अलग कई राज्यों में एफआईआर दर्ज हुई थीं। इसके बाद जान का खतरा बताकर नूपुर शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट ने अपने सभी केस दिल्ली ट्रांसफर करने की अपील की थी। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस कांत बेंच ने नूपुर शर्मा को बड़ी राहत देकर सभी केसों की सुनवाई दिल्ली में करने का आदेश दे दिया है। यानी देशभर में उनके खिलाफ दर्ज अलग-अलग केस दिल्ली में क्लब किए जाएंगे। नूपुर के खिलाफ सबसे पहले महाराष्ट्र में मामला दर्ज किया गया था। उसके बाद पश्चिम बंगाल, राजस्थान में अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई में कहा कि यह अदालत पहले ही याचिकाकर्ता के जीवन और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरे का संज्ञान ले चुकी है,



हम निर्देश देते हैं कि नूपुर के खिलाफ सभी एफआईआर को ट्रांसफर कर दिल्ली पुलिस को जांच के लिए जोड़ा जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता ने प्राथमिक रूप से एफआईआर को रद्द करने की मांग की थी और एक विकल्प के रूप में उसने जांच के उद्देश्य से एक जांच एजेंसी को स्थानांतरण और क्लब करने की भी मांग की थी। हालांकि याचिकाकर्ता को प्राथमिकी रद्द करने के संबंध में वैकल्पिक उपाय करने के लिए 1 जुलाई 2022 को हटा दिया गया था। लेकिन उनके जीवन और स्वतंत्रता के लिए गंभीर खतरे के संबंध में बाद की घटनाओं को देखते हुए उसमें विचार किया गया। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस सूर्यकांत की बेंच ने आदेश पारित किया है। इसके पहले सुप्रीम कोर्ट की इसी बेंच ने नुपूर के खिलाफ सख्त टिप्पणी करते हुए कहा था कि नूपुर शर्मा ही मामले में अकेले दोषी हैं। जिसके बाद सोशल मीडिया पर सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ भी गुस्सा देखने को मिला था। सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणियां करते हुए पूरे देश में दर्ज अलग-अलग एफआईआर को दिल्ली ट्रांसफर करने की अपील को खारिज किया था। बंगाल की ओर से पेश हुए वकील गुरुस्वामी ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि जो भी एजेंसी इन सभी मामलों की जांच करे उसमें राज्य की पुलिस को भी शामिल करे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आईएफएसओ दिल्ली पुलिस एक विशेष एजेंसी है, अगर सभी एफआईआर की एक साथ जांच की जाए।

## गरीब कल्याण में कानून बाधा बने तो उसे तोड़ने में संकोच नहीं करना चाहिए : गडकरी

**नई दिल्ली।** नागपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी ने कहा कि कोई भी कानून गरीबों के कल्याण में बाधक नहीं होना चाहिए। यदि कोई कानून गरीब



कल्याण की राह में बाधक बने तो सरकार को इसे तोड़ने या दरकिनार का पूरा अधिकार है। उन्होंने कहा कि ऐसा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भी कहते थे। डकरी ने कहा मैं जानता हूं कि गरीबों के कल्याण में कोई भी कानून आड़े नहीं आता, और अगर कोई कानून आड़े आए तो उसे 10 बार भी तोड़ने में संकोच नहीं करना चाहिए, क्योंकि महात्मा गांधी ने भी इसका अनुमोदन किया है। गडकरी ने कहा मैं हमेशा अधिकारियों से कहता हूं कि आप जो कहेंगे, सरकार उसके अनुसार काम नहीं करेगी। आपको केवल हां सर कहना है। आपको, हम जो कह रहे हैं, उसपर अमल करना होगा, उसे क्रियान्वित करना होगा। सरकार हमारे हिसाब से काम करेगी। केंद्रीय मंत्री ने 1995 की एक घटना को याद करते हुए कहा, जब महाराष्ट्र में मनोहर जोशी मुख्यमंत्री थे, तब मैं अक्सर अधिकारियों से कहा करता था कि आपके हिसाब से सरकार नहीं चलेगी।

# नीतीश कुमार ने 8वीं बार ली सीएम पद की शपथ, डीप्टी सीएम बने तेजस्वी

**पटना।** बिहार में एक बार फिर नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। वह आठवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री बने हैं। उनके साथ राजद नेता तेजस्वी यादव ने उप-मुख्यमंत्री के रुप में शपथ ली। राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल फागू चौहान ने दोनों नेताओं को पद और गोपनीयता की शपथ दिलवाई। इस दौरान जनता दल यूनाइटेड और राष्ट्रीय जनता दल के अधिकांश बड़े नेता मौजूद रहे। पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, जीतनराम मांझी, तेज प्रताप शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।



आज सिर्फ नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव ने ही शपथ ग्रहण की है। अगले दिनों में नीतीश कुमार अपने मंत्रिमंडल का विस्तार करेंगे। आपको बता दें कि मंगलवार को नीतीश कुमार ने एनडीए से अपना नाता तोड़ लिया था। इसके बाद उन्होंने राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया था। शाम को उन्हें जदयू, राजद और कांग्रेस गठबंधन का नेता चुना गया। इसके बाद 160 से ज्यादा विधायकों का समर्थन लेकर नीतीश ने राज्यपाल के समक्ष सरकार बनाने का दावा पेश किया था। 2020 में नीतीश कुमार ने एनडीए में रहते हुए चुनाव लड़ा था। उस समय नीतीश कुमार को सिर्फ 43 सीटें ही मिली थी। बावजूद इसके भाजपा ने उन्हें मुख्यमंत्री बनाया था। हालांकि, दोनों दलों के बीच रिश्तो में लगातार टकराव की खबर थी। इसके बाद आखिरकार यह रिश्ता खत्म हो गया। जदयू का आरोप है कि भाजपा ने उनकी पार्टी को कमजोर करने की कोशिश की थी। इससे पहले जब महागठबंधन के नेताओं की बैठक हुई थी, तो उस दौरान नीतीश कुमार ने कहा था कि 2017 में जो कुछ हुआ उसे भूल जाइए और अपने अध्याय शुरू करते हैं। दरअसल, 2017 में भी नीतीश कुमार पाला बदल चुके हैं। उस समय उन्होंने राजद का साथ छोड़ा था और भाजपा के साथ मिलकर सरकार बना ली थी। नीतीश और जदयू के आरोपों पर सुशील मोदी ने जवाब देते हुए कहा कि भाजपा किसी को नहीं तोड़ती है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने आज तक किसी को धोखा नहीं दिया है। हमने नीतीश को एक बार नहीं 5 बार बिहार का मुख्यमंत्री बनाया। 17 साल का हमारा संबंध था, लेकिन आपने दोनों बार एक झटके में तोड़ दिया।

## ब्राजील में मंकीपॉक्स की दहशत 10 बंदरों को जहर देकर मारा गया

**साओ पाउलो।** ब्राजील में मंकीपॉक्स की आशंका के बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बंदरों की हत्या पर दुख जताया। ब्राजीली मीडिया ने बताया कि साओ पाउलो राज्य के साओ जोस डो रियो प्रेटो शहर में एक हफ्ते से भी



कम समय में 10 बंदरों को जहर दिया गया है। इसतरह की घटनाएं अन्य शहरों में भी हुई हैं। जिनेवा में डब्ल्यूएचओ की प्रवक्ता मार्गरेट हैरिस ने कहा कि लोगों को यह जानना होगा कि अब हम जो संक्रमण देख रहे हैं, वह मनुष्यों के बीच है। हैरिस के अनुसार, जानवरों से मनुष्यों में संक्रमण हो सकता है, लेकिन हालिया प्रकोप केवल मानव संपर्कों से संबंधित है। उन्होंने ब्राजील में बंदरों की जहर देकर हत्या पर दुख जताकर कहा कि लोगों को निश्चित रूप से जानवरों पर हमला नहीं करना चाहिए। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, ब्राजील में मंकीपॉक्स के 1,700 से अधिक मामले हैं! देश के स्वास्थ्य मंत्रालय ने 29 जुलाई को बीमारी से संबंधित एक मौत की पुष्टि की थी। पीड़ित एक ऐसा व्यक्ति था जिसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम थी। मई के बाद से, लगभग 90 देशों में मंकीपॉक्स के 29,000 से अधिक मामले सामने आए हैं। डब्ल्यूएचओ ने जुलाई में मंकी पॉक्स के प्रकोप को देखकर अंतरराष्ट्रीय आपातकाल के रूप में घोषित किया था।

## हमारी सरकार शार्टकट नहीं अपनाती, समस्याओं का स्थायी समाधान करती: पीएम मोदी

### पानीपत में बने एथनॉल संयंत्र को राष्ट्र को समर्पित किया



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विरोधी दलों पर वार कर कहा कि उनकी सरकार 'शॉर्टकट पर चलने के बजाय समस्याओं का स्थायी समाधान करती है। पीएम मोदी ने इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) की पानीपत रिफाइनरी के पास स्थापित दूसरी पीढ़ी के एथनॉल संयंत्र को राष्ट्र को समर्पित करते हुए यह बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा, पानीपत में बने दूसरी पीढ़ी के एथनॉल संयंत्र से किसानों की आय बढ़ेगी और साथ ही पराली की लंबे समय से जारी समस्या से भी छुटकारा मिलेगा। आईओसी की पानीपत रिफाइनरी के पास स्थित एथनॉल संयंत्र पर 900 करोड़ रुपये की लागत आई है। पीएम मोदी ने कहा, पानीपत के जैविक ईंधन संयंत्र से पराली का बिना जलाए भी निपटारा होगा। इसके एक साथ कई फायदे होने वाले हैं। उन्होंने कहा, पहला फायदा ये होगा कि पराली जलाने से धरती मां को जो पीड़ा होती थी, उस पीड़ा से मुक्ति मिलेगी। दूसरा फायदा पराली काटने से लेकर उसके निस्तारण के लिए जो नई व्यवस्था बन रही है, उससे गांवों के लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होने वाले हैं। मोदी ने कहा, इसके अलावा पराली किसानों के लिये अतिरिक्त आय का माध्यम बनेगी। साथ ही प्रदूषण कम होगा, पर्यावरण की रक्षा में किसानों का योगदान और बढ़ेगा। और देश को एक वैकल्पिक ईंधन भी मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा, शॉर्टकट पर चलने के बजाय हमारी सरकार समस्याओं के स्थायी समाधान में जुटी है। पराली की दिक्कतों के बारे में भी बरसों से कितना कुछ कहा गया। लेकिन शॉर्टकट वाले इसका समाधान नहीं दे सके।

## यूपी में बढ़ता वायु प्रदूषण चिंताजनक, इसे रोकने के लिए बनाएं मास्टर प्लान : योगी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लगातार बढ़ते वायु प्रदूषण से निपटने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वच्छ वायु प्रबंधन परियोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वायु प्रदूषण की समस्या के स्थाई समाधान के लिए ठोस प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 17 प्रमुख शहरों में पिछले पांच वर्षों के वायु प्रदूषण के आंकड़े राष्ट्रीय औसत से बहुत अधिक हैं। यह स्थिति चिंताजनक है, हमें इसे नीचे लाने के प्रयास करने होंगे।

वन एवं पर्यावरण विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लखनऊ, कानपुर, आगरा, वाराणसी, प्रयागराज, बरेली, गाजियाबाद, मुरादाबाद, नोएडा, मेरठ, फिरोजाबाद, गोरखपुर जैसे शहरों में बढ़ती जनसंख्या और औद्योगिक गतिविधियों से वायु प्रदूषण की समस्या बढ़ी है। इस पर ध्यान देने की जरूरत है। वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए उपलब्ध मल्टी सेक्टर बजट व्यवस्था का कन्वर्जेंस भी किया जाए। वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए इलेक्ट्रिक वाहन व यातायात प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाए। पौधारोपण व ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास किया जाए। सालिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए प्रभावी प्रयास की जरूरत है। उद्योगों में क्लीन एनर्जी और बायोमास की आपूर्ति के लिए विशेष ध्यान दिया जाए। हमें अमोनिया और मीथेन के उत्सर्जन में कमी के लिए प्राकृतिक खेती और कंप्रेस्ड बायोगैस को बढ़ावा देना होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में कृषि वानिकी के क्षेत्र की अपार संभावनाएं हैं। इनके समाधान के लिए एक उत्कृष्ट शोध एवं अनुसंधान संस्थान की स्थापना की जाए। इस संबंध में विधिवत अध्ययन के बाद प्रस्ताव भेजा जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगभग 190 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि के सापेक्ष 20 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में कृषि वानिकी के विस्तार की संभावना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 5 वर्षों में 100 करोड़ से अधिक पौधारोपण किया जा चुका है। पौधे लगाने के साथ-साथ हमें इनके संरक्षण का भी पूरा ध्यान रखना होगा।

## सुरक्षा बलों ने जम्मू कश्मीर में लतीफ राठर समेत 3 आतंकियों को घेरा, एनकाउन्टर शुरू


**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम में सुरक्षा बलों ने खुंखार आतंकी लतीफ राठर को घेरकर बड़ी मुठभेड़ शुरू की है। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ स्थल पर लश्कर के लतीफ राठर समेत तीन खूंखार आतंकवादी फंसे हुए हैं। कश्मीर के एडीजीपी विजय कुमार ने बताया कि लतीफ राठर राहुल भट्ट और आमरीन भट्ट की हत्या समेत कई निर्दोष नागरिकों की हत्या में शामिल था। उन्होंने बताया एनकाउंटर शुरू हो चुका है। आगे की जानकारी की प्रतीक्षा की जा रही है। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बुधवार सुबह बताया कि सुरक्षा बलों ने जिले में खानसाहिब इलाके के वाटरहेल में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद वहां घेराबंदी की और तलाश अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि तलाश अभियान



उस समय मुठभेड़ में तब्दील हो गया, जब आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। कश्मीर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कश्मीर मंडल) विजय कुमार ने बताया कि वांछित आतंकवादी लतीफ राठेर समेत लश्कर के तीन आतंकवादियों को मुठभेड़ में घेर लिया गया है। विजय कुमार ने ट्वीट किया मुठभेड़ में आतंकवादी लतीफ राठेर समेत आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादियों को घेर लिया गया है। आतंकवादी लतीफ, राहुल भट और अमरीन भट समेत कई नागरिकों की हत्या में शामिल है। मुठभेड़ में अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। राहुल भट की जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में चडूरा शहर में 12 मई को तहसील कार्यालय के भीतर आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। उसे शरणार्थियों के लिए विशेष रोजगार पैकेज के तहत 'क्लर्क' की नौकरी मिली थी। इसके कुछ दिन बाद लश्कर के आतंकवादियों ने टीवी कलाकार अमरीन भट की बडगाम जिले के चडूरा में उनके घर में गोली मारकर हत्या कर दी थी। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों का ऑपरेशन ऑल आउट जारी है।

## पिछले 24 घंटों में सामने आए कोरोना के 16047 नए मरीज, 54 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस संक्रमण के ग्राफ में लगातार उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। बीते 24 घंटे में 16047 नए केस सामने आए हैं। ये मंगलवार के मुकाबले करीब साढ़े तीन हज़ार ज्यादा केस हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान 54 मरीजों की मौत हुई है। इसके साथ ही देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,41,90,697 हो गई है। जबकि, एक्टिव मरीजों की संख्या घटकर 1,28,261 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण से 54 और लोगों की मौत होने के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर



5,26,826 हो गई है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 3,546 की कमी दर्ज की गई। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.52 प्रतिशत है और कोविड-19 से मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार, दैनिक संक्रमण दर 4.94 प्रतिशत, जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 4.90 प्रतिशत है। राजधानी दिल्ली में एक बार फिर कोरोना संक्रमण तेजी से बढ़ता जा रहा है। एक? दिन में कोरोना के 2495 नए संक्रमित सामने आए हैं। इस दौरान 7 लोगों की कोरोना संक्रमण के चलते मौत हो गई है। हैरानी की बात ये है कि पॉजिटिविटी रेट अब बढ़ कर 15.41 प्रतिशत पर पहुंच गई है। स्वास्?थ्य विभाग के अनुसार दिल्ली में कुल एक्टिव मामलों की संख्या 8506 हो गई है। पिछले 24 घंटे में आए कोरोना के मामले 21 जनवरी के बाद से सबसे ज्यादा हैं। उल्लेखनीय है कि 21 जनवरी को कोरोना संक्रमण की दर 18.04 प्रतिशत थी।

## खास खबर

### रूस की गोलीबारी में 21 लोगों की मौत

**कीव।** यूक्रेन के मध्य क्षेत्र में रूस की गोलीबारी में 21 लोगों की मौत हुई है। गवर्नर वैलेंटाइन रेज्नीचेंको ने कहा कि निकोपोल जिले में ग्यारह और मार्गनेट्स शहर में 10 लोग मारे गए है। उन्होंने बताया कि बड़े पैमाने पर तबाही मची है। इसके पहले यूक्रेनी राष्ट्रपति कार्यालय ने बताया था कि रूस ने अपने कब्जे वाले एक परमाणु संयंत्र के पास भी गोलाबारी की। निप्रोपेत्रोव्स्क के गवर्नर रेज्निचेंको ने कहा कि रूसी बलों ने दक्षिणी शहर निकोपोल में ग्रैड मल्टीपल रॉकेट लांचर से 120 से अधिक रॉकेट दागे गए। यह शहर जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र के पास नीपर नदी के तट पर स्थित है। उन्होंने बताया कि गोलाबारी में कई अपार्टमेंट और औद्योगिक प्रतिष्ठानों को नुकसान पहुंचा है। यूक्रेन और रूस ने हाल के दिनों में एक-दूसरे पर जापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र के पास गोलाबारी करने का आरोप लगाया, जो यूरोप का सबसे बड़ा एटमी संयंत्र है और परमाणु दुर्घटना के जोखिम को बढ़ाता है।

### जापान में गहराया जनसंख्या का संकट, 1950 के बाद आबादी में सबसे बड़ी गिरावट

**टोक्यो।** जापान की जनसंख्या 1 जनवरी, 2022 तक कुल 125.93 मिलियन थी, जो 1950 में दर्ज आंकड़ों के बाद से सबसे बड़ी गिरावट है। यह नवीनतम सरकारी डेटा सामने आया। आंतरिक मामलों और संचार के मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों का हवाला देकर कहा कि मृत्यु जन्म से अधिक हो गई और कोरोना सीमा नियंत्रण विदेशियों के प्रवेश को प्रतिबंधित कर देता है, जापान की कुल आबादी गिरकर 125,927,902 हो गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 726,342 या 0.57 प्रतिशत कम है। मंत्रालय के अनुसार, जापानी नागरिकों की संख्या 2021 में 619,140 से घटकर 123,223,561 हो गई, जिसमें जन्म का रिकॉर्ड लगभग 810,000 था, जो रिकॉर्ड उच्च स्तर पर लगभग 1.44 मिलियन मौतों से आगे था। महामारी के बीच कड़े सीमा प्रतिबंधों के कारण, जापान में निवासी विदेशियों की संख्या 107,202 से गिरकर 2,704,341 हो गई, जो लगातार दूसरे वर्ष गिरावट को दर्शाता है। मंत्रालय के आंकड़ों से यह भी पता चला है कि 15 से 64 वर्ष की आयु के लोगों का अनुपात, जिन्हें कामकाजी आबादी माना जाता है, कुल आबादी का रिकॉर्ड 58.99 प्रतिशत था, जबकि 65 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों का प्रतिशत 29 प्रतिशत है जो कि एक रिकॉर्ड है।

### कठुआ में बीते रात हुए सड़क दुर्घटना में, तीन लोगों की मौत

**कठुआ।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में 3 लोगों की मौत हुई और एक महिला घायल हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बिहार के हमीदपुर निवासी हरि किशोर (50) और उनकी पत्नी माधुरी (45) की उस समय मौत हो गई, जब उनकी स्कूटी को जम्मू-पठानकोट राजमार्ग पर शासकीय मेडिकल कॉलेज, कठुआ के समीप एक ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में किशोर की बहन बबीता (25) गंभीर रूप से घायल हो गई। अधिकारी ने बताया कि घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि ट्रक के चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक अन्य घटना में मंगलवार की रात को बरनोती में एक साइकिल को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे साइकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गई।

### कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव को वर्कआउट करते समय हार्ट अटैक, दिल्ली के एम्स में भर्ती

**नई दिल्ली।** प्रख्यात कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव को दिल का दौरा पड़ा हैद्य उन्हें दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया हैद्य बताया जाता है कि जिम में वर्कआउट करते हुए हुए उन्हें दिल का दौरा पड़ा और वह गिर पड़े, इसके बाद उन्हें एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया हैद्य वह इस समय चिकित्सकों की सघन निगरानी में हैंद्य बताया जाता है कि राजू श्रीवास्तव को जिस समय दिल का दौरा पड़ा, उस समय वह ट्रेडमिल पर वर्कआउट कर रहे थेद्य इसके बाद उन्हें आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया हैद्य ज्ञात हो कि राजू श्रीवास्तव प्रख्यात कामेडियन हैं और उन्होंने कई टेलीविजन शोज में काम किया हैद्य इसके अलावा वह कई कॉमेडी शो में भी नजर आते रहते हैंद्य राजू श्रीवास्तव उत्तर प्रदेश वन विकास परिषद के अध्यक्ष भी हैंद्य राजू श्रीवास्तव ने कई फिल्मों में भी काम किया हैद्य उनकी छवि एक अच्छे कलाकारों के तौर पर की जाती हैद्य वह अक्सर अमिताभ बच्चन की नकल उतारते नजर आते हैं। उनकी लालू प्रसाद यादव की कॉमेडी को भी लोग बहुत पसंद करते हैं।

## न्यूज़ ट्रैक....

### अमेरिकी ओपन के बाद खेल को अलविदा कहेंगी सेरेना

**टोरंटो** । अमेरिकी की अनुभवी महिला टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स अमेरिकी ओपन के बाद संन्यास लेंगी। सेरेना ने एक साल तक टेनिस कोर्ट से दूर रहने के बाद इसी साल जून महीने में खेल में वापसी की थी हालांकि यह सफल नहीं रही और उन्हें दो साल बाद यहां एक ही जीत मिली है। सेरेना का कहना है कि वह अब अपने जीवन के अगले दौर पर ध्यान देना चाहती हैं। इस पूर्व चैम्पियन खिलाड़ी ने कहा कि मैं टेनिस से दूर उन अन्य चीजों की ओर ध्यान दे रही हूं जो बातें मेरे लिए अहम हैं। इस खिलाड़ी ने कहा, 'जीवन में एक दौर ऐसा भी आता है, जब हमें एक अलग राह पर बढ़ने की ओर ध्यान देना होता है। वह समय हमेशा कठिन होता है। जब आप किसी चीज से इतना प्यार करते हैं और उसे फिर भी छोड़ना पड़ता है। मैं अभी टेनिस का आनंद ले रही हूं पर अब मेरे लिए इसे छोड़ने का समय आ गया है। मुझे एक मां होने के साथ ही अपने अन्य काम ओर स्वयं अपने आप पर ध्यान देना है। सेरेना ने साल 2017 में ऑस्ट्रेलियन ओपन के दौरान अपना आखिरी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीता था।

### पारंपरिक पगड़ी में नजर आये सचिन

**मुम्बई** । महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का एक वीडिया सोशल मीडिया पर आया है। इसमें सचिन पारंपरिक अंदाज में पगड़ी पहने हुए नजर आये। यह वीडियो उनके बे भाई नितिन तेंदुलकर की बेटी के शादी समारोह के पहले का है। इसी दौरान सचिन को पारंपरिक परिधान में देखा गया। सचिन ने इस वीडियो में कहा कि उनके बड़े भाई नितिन तेंदुलकर की बेटी (करिश्मा) की शादी है। इसलिए वह पारंपरिक अंदाज में तैयार हुए हैं हालांकि वीडियो में सचिन स्वयं की जगह किसी और व्यक्ति से पगड़ी बंधवाते हुए दिखे। सचिन एक सामान्य परिवार से रहे हैं। उनके पिता शिक्षक थे। वह चार भाई-बहन हैं। अपने खेल के जरिये ही सचिन शीर्ष पर पहुंचे हैं।

### प्रभाकर अब नेपाल टीम को कोचिंग देंगे

**मुम्बई** । पूर्व भारतीय क्रिकेटर मनोज प्रभाकर अब नेपाल क्रिकेट टीम को कोचिंग देंगे। नेपाल क्रिकेट बोर्ड ने प्रभाकर को श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर पुबुदु दासनायके की जगह शामिल किया है। दासनायके ने पिछले माह ही पद छोड़ दिया दिया था क्योंकि उन्हें कनाडाई क्रिकेट टीम के मुख्य कोच का पद संभालना था। प्रभाकर ने साल 1984 से लेकर 1996 तक 39 टेस्ट और 130 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। वह इससे पहले दिल्ली, राजस्थान और उत्तर प्रदेश की रणजी टीम के कोच रहे हैं।

# एशिया कप के लिए भारतीय टीम घोषित

### बुमराह और हर्षल टीम में शामिल नहीं

**मुम्बई** । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एशिया कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। इस टीम में अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का नाम शामिल नहीं है। इसका कारण यह है कि बुमराह की कमर मे दर्द है। इसी कारण बीसीसीआई ने उन्हें टी20 विश्व कप से पहले पूरी तरह से फिट और तरोताजा होने के लिए आराम दिया है। युवा स्पिनर हर्षल पटेल को भी पूरी तरह फिट नहीं होने के कारण टीम में जगह नहीं मिली है।




बीसीसीआई की ओर से कहा गया है कि बुमराह और पटेल फिट नहीं होने के कारण चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे। ये दोनो ही अभी बैंगलुरु में रिहैब कर रहे हैं। बुमराह ने अपना अंतिम एकदिवसीय पिछले माह इंग्लैंड के खिलाफ खेला था। इसके बाद से ही उन्हें आराम दिया गया है। ये दोनो ही टी20 विश्व कप के लिए टीम से जुड़ेंगे।

### एशिया कप के लिए घोषित की गई टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), लोकेश राहुल (उप-कप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), दीपक हुड्डा, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, आर अश्विन, युजवेंद्रा चहल, रवि बिश्नोई, भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह, आवेश खान।

### बुमराह की कमी पूरी करेंगे अन्य गेंदबाज

**मुम्बई** । 27 अगस्त से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में शुरु हो रहे एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए टीम इंडिया ने अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को शामिल नहीं किया है। ऐसे में ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या पर अहम जिम्मेदारी रहेगी। बुमराह फिट नहीं होने के कारण टीम से बाहर हैं। पंड्या का प्रदर्शन टीम में वापसी के बाद से ही अच्छा रहा है। इससे पहले साल 2016 में टी20 एशिया कप में भारत की ओर से पंड्या ने सबसे अधिक विकेट लिए थे। उन्होंने 7 मैच में 15 की औसत से 7 विकेट अपने नाम किए थे। ऐसे में इस बार भी पंड्या से टीम को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीदें रहेंगी। 2016 के टी20 एशिया कप में स्पिनर रवींद्र जडेजा और ऑफ स्पिनर आर अश्विन ने भी अच्छा प्रदर्शन किया था। अश्विन ने 4 मैच में 4 विकेट लिए थे। वहीं रवींद्र जडेजा ने 4 मैच में 3 विकेट लिए थे। इस बार एशिया कप की टीम में दो और स्पिनरों युजवेंद्र चहल और लेग स्पिनर रबि बिश्नोई को भी शामिल किया गया है। इसके अलावा तेज गेंदबाज के तौर पर भुवनेश्वर कुमार, युवा अर्शदीप सिंह और आवेश खान को भी अवसर मिला है।



टोरंटो में महिला एकल में रिटर्न शॉट लगाती हुई चीन की जेंग किनवेन ब्रिटेन की इमा रैडूकने रिटर्न शॉट लगाती हुई।



ब्रिटेन में राष्ट्रमण्डल खेलों के समापन समारोह में शामिल लोग।

# राष्ट्रमंडल खेलों में 200 स्वर्ण पदक जीतने वाले देशों में शामिल हुआ भारत

**बर्मिंघम** । बर्मिंघम में हुए राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 22 स्वर्ण पदक जीते हैं। महिला बैडमिंटन स्टार पी वी सिंधु ने जैसे ही स्वर्ण पदक जीता भारत के पदकों की तादाद 200 स्वर्ण तक पहुंच गयी। भारत य उपलब्धि हासिल करने वाला चौथा देश बना है। बर्मिंघम खेलों में हासिल स्वर्ण के साथ ही भारत के कुल स्वर्ण पदकों की संख्या 203 हो गई। वहीं ऑस्ट्रेलिया 1003 स्वर्ण पदक लेकर नंबर एक पर है जबकि मेजबान इंग्लैंड 773 पदक हासिल कर दूसरे व कनाडा पदक 510 पदक के साथ ही तीसरे स्थान पर है। राष्ट्रमंडल खेलों में भारत ने पहला स्वर्ण 1958 में जीता था। यह स्वर्ण महान फर्राटा धावक मिल्खा सिंह ने जीता था। भारत ने इसके बाद 1962 और 1986 में इन खेलों में भाग नहीं लिया था।

### कोच रीड ने हॉकी टीम के प्रदर्शन पर नाराजगी जतायी

**बर्मिंघम** । राष्ट्रमण्डल खेलों में भारतीय पुरुष हॉकी टीम की हार से कोच ग्राहम रीड बेहद नाराज हैं। रीड ने खराब प्रदर्शन के लिए टीम को जमकर फटकारा। कोच के अनुसार खिलाड़ियों में ऑस्ट्रेलिया जैसी शीर्ष टीम को हराने के लिए जरूरी ऊर्जा और कौशल की कमी दिखी। इस मैच में भारतीय टीम को 7-0 से करार हार के साथ ही रजत पदक ही मिल पाया है। मैच के दौरान भारतीय टीम कहीं भी नजर नहीं आयी। ऑस्ट्रेलियाई टीम मैच के दौरान पूरी तरह से हावी रही और उसने हर क्वार्टर में गोल दागा। रीड ने कहा, ''ऊर्जा नाम की एक चीज होती है और मुझे नहीं लगता कि वह आज हमारे पास थी।''

### राष्ट्रमंडल खेल 2022 में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी

अचिंता शेउली (भारोत्तोलन) = स्वर्ण
जेरेमी लालरिनुंगा (भारोत्तोलन) = स्वर्ण
मीराबाई चानू (भारोत्तोलन) = स्वर्ण
रूपा रानी टिर्की, लवली चौबे, नयनमोनी सैकिया, पिंकी सिंह (लॉन बॉल्स) = स्वर्ण
बजरंग पूनिया (कुश्ती) = स्वर्ण
साक्षी मलिक (कुश्ती) = स्वर्ण
दीपक पूनिया (कुश्ती) = स्वर्ण
रवि कुमार दहिया (कुश्ती) = स्वर्ण
विनेश फोगाट (कुश्ती) = स्वर्ण
नवीन मलिक (कुश्ती) = स्वर्ण
निकहत जरीन (मुक्केबाजी) = स्वर्ण
अमित पंघाल (मुक्केबाजी) = स्वर्ण
नीतू गंघास (मुक्केबाजी) = स्वर्ण
सुधीर (पावर लिफ्टिंग) = स्वर्ण
पी वी सिंधू (बैडमिंटन) = स्वर्ण
लक्ष्य सेन (बैडमिंटन) = स्वर्ण
चिराग शेट्टी . सात्विक साइराज रंकीरेड्डी (बैडमिंटन) = स्वर्ण
अचंता शरत कमल (टेबल टेनिस) = स्वर्ण
शरत कमल . श्रीजा अकुला (टेबल टेनिस) = स्वर्ण
हरमीत देसाई, सानिया शेट्टी, शरत कमल, जी साथियान (टेबल टेनिस) = स्वर्ण
भाविना पटेल (पैरा टेबल टेनिस) = स्वर्ण
एल्डोस पॉल (त्रिकूद) = स्वर्ण

# छेत्री और मनीषा बने सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला फुटबॉलर बने

**नई दिल्ली** । भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री और मनीषा कल्याण साल 2021-22 सत्र के लिए अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला फुटबॉलर बने हैं। छेत्री को सातवीं बार यह अवार्ड मिला है। वहीं मनीषा को पहली बार यह इस अवार्ड के लिए नामांकित किया गया। जबकि मनीषा पहली बार इस पुरस्कार के लिए चुनीं गईं। छेत्री और मनीषा के नाम राष्ट्रीय टीम के उनके कोच इगोर स्टिमक और थॉमस डेनरबी ने भेजे थे। छेत्री को साल 2007 में पहली बार इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्होंने इसके बाद 2011, 2013, 2014, 2017 और 2018-19 सत्र में भी यह पुरस्कार जीता था। स्टिमक ने कहा, ''वह पांच गोल के साथ हमारे सर्वोच्च गोल करने वाले खिलाड़ी थे और सैफ कप में उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुना गया।''
वहीं मनीषा को पहली बार साल की सर्वश्रेष्ठ महिला फुटबॉलर का सम्मान मिला है। इससे पहले वह साल 2020-21 सत्र में साल की सर्वश्रेष्ठ उभरती हुई महिला फुटबॉलर बनी थीं। कोच डेनरबी ने कहा, ''मनीषा ने राष्ट्रीय टीम और अपने क्लब के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किए हैं। उसने गोल करने के साथ ही गोल करने में सहायता भी की थी।'' अन्य पुरस्कारों में मार्टिना थोकचोम को 2021-22 के लिए सर्वश्रेष्ठ उभरती हुई महिला फुटबॉलर चुना गया जबकि पुरुष वर्ग में यह पुरस्कार विक्रम प्रताप सिंह की झोली में गया।

## व्यापार न्यूज

### रुपया 79.52 के स्तर पर पहुंचा

**मुंबई** । अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया मजबूत हुआ है। रुपये में यह उछाल विदेशी मुद्रा की आवक तेज होने के साथ ही क'चे तेल की कीमतों में कमी आने से आई है। कारोबार की शुरुआत में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 11 पैसे मजबूत होकर 79.52 के स्तर पर पहुंच गया। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 79.59 पर खुला और शुरुआती सौदों में बढ़त दर्ज करते हुए 79.52 के स्तर तक पहुंच गया। इस तरह रुपये ने पिछले बंद भाव के मुकाबले 11 पैसे की बढ़त हासिल की है जबकि पिछले सत्र में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 79.6 पर बंद हुआ था। गत दिवस मुहर्रम की के कारण विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार बंद था।

### क्रिप्टोकरेंसी बाजार में गिरावट

नई दिल्ली । क्रिप्टोकरेंसी बाजार में बुधवार को गिरावट देखी गई है। वैश्विक क्रिप्टोकरेंसी का बाजार पूंजीकरण 3.97 फीसदी गिरकर 1.08 ट्रिलियन डॉलर रह गया है। बिटकॉइन और इथेरियम समेत लगभग सभी बड़ी करेंसीज़ में गिरावट है। बिटकॉइन की कीमत 3.71 फीसदी गिरकर 22,932.78 डॉलर पर है। दूसरे सबसे बड़े कॉइन इथेरियम का प्राइस पिछले 24 घंटों में 5.65 फीसदी गिरावट के साथ 1,674.79 डॉलर पर पहुंच गया है। बाजार में बिटकॉइन का डोमिनेंस 40.6 फीसदी रह गया है, जबकि इथेरियम का प्रभुत्व बढ़कर 18.9 फीसदी हो गया है।

### एशियाई बाजारों में कमजोर कारोबार

**मुंबई** । एशिया के 'यादातर शेयर बाजार बुधवार को नुकसान पर खुले और लाल निशान पर ही कारोबार कर रहे हैं। सिंगापुर स्टॉक एक्सचेंज 0.23 फीसदी के नुकसान पर कारोबार कर रहा तो जापान का निक्केई 0.62 फीसदी की गिरावट पर है। हांगकांग का शेयर बाजार 0.40 फीसदी और ताइवान का 0.56 फीसदी के नुकसान पर कारोबार कर रहा है। इसके अलावा दक्षिण कोरिया के शेयर बाजार में 0.70 फीसदी का नुकसान दिख रहा है, जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट 0.20 फीसदी के नुकसान पर कारोबार कर रहा है। भारतीय बाजार पर विदेशी निवेशकों का भरोसा फिर बढ़ने लगा है। पिछले कारोबारी सत्र में भी विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बाजार में 1,449.70 रुपए का निवेश किया था, जबकि इसी दौरान घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 140.73 करोड़ रुपए के शेयरों की बिकवाली की।

# शेयर बाजार में आई गिरावट , शुरूआत में सवा सौ से नीचे आया सेंसेक्स

**मुंबई** । मुम्बई शेयर बाजार में बुधवार को अ'छी शुरुआत के बाद भी गिरावट आने लगी। दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के बीच ही दिग्गज आईटी कंपनी विप्रो, इंफोसिस के शेयरों के टूटने से बाजार नीचे आया है। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स करीब सवा सौ से अधिक अंक नीचे आया। मुम्बई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 131.71 अंक करीब 0.22 फीसदी नीचे आकर 58,721.36 अंक पर खिसक गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 37.45 अंक तकरीबन 0.21 फीसदी नुकसान के साथ ही 17,487.65 अंक पर खिसक गया। सेंसेक्स की कंपनियों में सबसे अधिक 2.42 फीसदी की गिरावट एनटीपीसी के शेयरों में रही। इसके अलावा विप्रो, बजाज फाइनेंस, एचसीएल टेक, इंफोसिस और टेक महिंद्रा के शेयर भी गिरे हैं। दूसरी ओर, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मा, नेस्ले इंडिया, एचयूएल, रिलायंस इंडस्ट्रीज और मारुति के शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आये हैं। वहीं इससे पहले गत सत्र में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 465.14 अंक करीब 0.80 प्रतिशत की बढ़त के साथ ही 58,853.07 अंक पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी भी 127.60 अंक तकरीबन 0.73 फीसदी बढ़कर 17,525.10 अंक पर बंद हुआ था। एशियाई बाजारों में सियोल, शंघाई, तोक्यो और हांगकांग के बाजार गिरावट के साथ ही लाल निशान पर पहुंच गये जबकि अमेरिकी बाजार भी टूटे हैं।

### अमेरिका और यूरोपीय बाजारों में गिरावट

**मुंबई** । अमेरिकी शेयर बाजार अभी फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरें बढ़ाए जाने से उबरे नहीं हैं और वहां निवेशक लगातार बिकवाली कर रहे हैं। चीन-ताइवान तनाव के कारण भी अमेरिकी बाजार पर दबाव है और निवेशक अभी मुनाफावसूली कर रहे हैं। यही कारण है कि पिछले सत्र में अमेरिका के प्रमुख शेयर बाजारों में शामिल नेस्डेक पर 1.19 फीसदी की बड़ी गिरावट दिखी। अमेरिका की तर्ज पर अधिकतर यूरोपीय बाजार भी बिकवाली का शिकार बन रहे। पिछले कारोबारी सत्र में यूरोप के प्रमुख शेयर बाजारों में शामिल जर्मनी के स्टॉक एक्सचेंज पर 1.12 फीसदी की बड़ी गिरावट दिखी, जबकि फ्रांस का शेयर बाजार भी 0.53 फीसदी के नुकसान पर बंद हुआ। हालांकि लंदन स्टॉक एक्सचेंज 0.08 फीसदी की बढ़त पर बंद हुआ था।

# यस बैंक ने एफडी की ब्याज दरें बढ़ाई

**नई दिल्ली** । भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के रेपो रेट में वृद्धि किए जाने के बाद बैंकों ने लोन की ब्याज दरें बढ़ाने के साथ जमाओं पर भी 'ज्यादा रिटर्न देना शुरू कर दिया है। इस कड़ी में अब निजी क्षेत्र के यस बैंक ने भी एफडी की ब्याज दरों को बढ़ा दिया है, जो बुधवार 10 अगस्त से लागू भी हो गई हैं। बैंक की वेबसाइट के मुताबिक 2 करोड़ से कम की जमाओं पर अलग-अलग टेन्योर के लिए ब्याज दरें बढ़ाई गई हैं। बैंक अब 7 दिन से 14 दिन की एफडी कराने वालों को 3.25 फीसदी का ब्याज रहा है, जबकि 15 दिन से 45 दिन तक की एफडी पर 3.50 फीसदी का ब्याज ऑफर कर रहा है। इसी तरह, 46 दिन से 90 दिन वाली एफडी पर 4.10 फीसदी और 3 महीने से 6 महीने की एफडी पर 4.75 फीसदी का ब्याज दे रहा है। यस बैंक अब एक साल से लेकर 18 महीने तक की एफडी पर 6.25 फीसदी का ब्याज ऑफर कर रहा है। इसी तरह 18 महीने से लेकर 3 साल तक और तीन साल से लेकर 10 साल तक की सावधि जमाओं पर भी ब्याज दरें बढ़ाकर 6.75 फीसदी कर दिया है। बैंक ने यह बढ़ोतरी रेपो रेट में 0.50 फीसदी की वृद्धि होने की वजह से की है।यस बैंक वरिष्ठ नागरिकों को एफडी पर 'ज्यादा ब्याज ऑफर कर रहा है। बैंक के मुताबिक 7 दिन से 3 साल तक की एफडी पर रेगुलर रेट के अलावा वरिष्ठ नागरिकों को 0.50 फीसदी का 'ज्यादा ब्याज दिया जा रहा है। इसी तरह 3 साल से 10 साल की एफडी पर रेगुलर ब्याज के अलावा 0.75 फीसदी का अतिरिक्त रिटर्न दिया जा रहा है। बढ़ोतरी के बाद वरिष्ठ नागरिकों की कुल ब्याज दर 3.75 फीसदी से लेकर 7.50 फीसदी तक पहुंच गई है।

# 5 फीसदी से कम फर्जी अकाउंट मिले तो खरीद लेंगे ट्विटर

**नई दिल्ली** । दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क और माइक्रो ब्लॉगिंग साइट ट्विटर के बीच जारी विवाद सुलझने का नाम नहीं ले रहा है। इस बीच एलन मस्क ने ट्विटर सीईओ पराग अग्रवाल को चुनौती देते हुए कहा कि अगर वे अपनी सिर्फ 100 अकाउंट सैंपलिंग करते हुए सिर्फ यह जांचने का तरीका बता दें कि वह फर्जी हैं या नहीं तो वह ट्विटर को खरीद लेंगे। इसके साथ ही एलन मस्क ने यह भी कहा कि अगर ट्विटर की तरफ से अमेरिकी नियामक को दी गई जानकारी गलत पाई गई तो उनके और ट्विटर के बीच की डील पूरी नहीं होगी। ट्विटर पर इंड्रिया स्ट्रोप्पा नामक एक डेटा एनालिस्ट ने कहा था कि जब खरीद से पहले एलन मस्क ने ट्विटर से फर्जी खातों के बारे में जानकारी मांगी थी तो ट्विटर की तरफ से इस बारे में उन्हें किसी भी तरह से साफ जवाब नहीं दिया गया था। अब इसी मामले पर एलन मस्क ने सीईओ पराग अग्रवाल को चुनौती पेश की है। एलन मस्क ने पराग अग्रवाल को चुनौती देते हुए यह भी कहा कि वे ये साबित करें कि ट्विटर में पांच फीसदी या फिर उससे कम फर्जी अकाउंट हैं।

### पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली** । वैश्विब बाजार में क'चे तेल की कीमतों में जारी उतार-चढ़ाव के बीच सरकारी तेल कंपनियों ने बुधवार को भी पेट्रोल और डीजल के भाव में कोई बदलाव नहीं किया है। दरअसल, कंपनियों ने 6 अप्रैल को आखिरी बार पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाए थे। इसके बाद से कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है. अगर क'चे तेल की बात करें तो पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड का भाव लगभग स्थिर है और यह 96.17 डॉलर प्रति बैरल चल रहा है, जबकि डब्ल्यूटीआई 90.30 डॉलर प्रति बैरल पर बना हुआ है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर है।

# कार बनाने वाली कंपनियां देगी भारी डिस्काउंट

**नई दिल्ली** । यात्री वाहन निर्माता त्योहारी सीजन से पहले उत्पादन और छूट को कम करने की तैयारी कर रहे हैं, ऐसे समय में उत्पादन बढ़ने से डीलरशिप पर स्टॉक अधिक हो गया है। पिछले चार महीनों में खुदरा बिक्री थोक बिक्री से पिछड़ गई है, जो मांग-आपूर्ति बेमेल का संकेत देती है। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के अनुसार, वर्ष की शुरुआत में कुल उद्योग सूची 120,000 से बढ़कर 212,000 हो गई है।

उ'च स्टॉक बेहतर उत्पादन का संकेत देते हैं, लेकिन उद्योग को अब विशिष्ट मॉडलों की अंतर्निहित मांग से मेल खाना चाहिए क्योंकि बुकिंग में वृद्धि जारी है।मारुति सुजुकी के कार्यकारी निदेशक शशांक श्रीवास्तव ने कहा, 'अब जबकि हम पिछले कुछ महीनों से अपनी उत्पादन योजनाओं के लगभग 95फीसदी के करीब हैं, मारुति सुजुकी और अन्य निर्माताओं के लिए बड़ी चुनौती अंतर्निहित मांग पैटर्न के अनुसार वाहनों का उत्पादन करना होगा। हमारे पास बहुत सारी बुकिंग लंबित हैं, लेकिन साथ ही, हम देखते हैं कि खुदरा बिक्री की तुलना में थोक बिक्री अधिक हो रही है। यह तभी हो सकता है जब उत्पादन वास्तविक मांग से मेल नहीं खा रहा हो; इसलिए लंबित भुगतानों के साथ इसका मिलान करना त्योहारी सीजन में एक बड़ी चुनौती है, जहां हम और अधिक बुकिंग देखेंगे। 'मारुति सुजुकी, हुंडई, टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी कंपनियां भी भारी छूट ऑफर करती हैं , क्योंकि कंपनियां इन्वेंट्री को कम करने की कोशिश करती हैं, खासकर एंट्री-लेवल और कम लोकप्रिय मॉडल्स को कंपनिया 'यादा से 'यादा सेल करने का प्रयास करती हैं। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोटिव डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विंकेश गुलाटी के अनुसार, डीलरों को प्रवेश स्तर पर यात्री वाहनों की बिक्री में सुधार देखने को मिल रहा है। उन्होंने आगे कहा, 'हम देखेंगे कि अगस्त में भी इन्वेंट्री का स्तर बढ़ जाएगा।

### एसयूवी महिंद्रा थार का 5 डोर वर्जन लाने की तैयारी

**नई दिल्ली** । जानी-मानी स्वदेशी कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा अपनी बेहद पॉपुलर ऑफरोड एसयूवी महिंद्रा थार का 5 डोर वर्जन लाएगी। भारतीय बाजार में थार की अब काफी मांग है और यही वजह है कि घरेलू एसयूवी निर्माता कंपनी डोमेस्टिक लेवल पर थार की रेंज का विस्तार करने के लिए काम कर रही है। इस कार का 5 डोर वर्जन पाइपलाइन में है। इसके अगले साल किसी समय बिक्री पर जाने की उम्मीद है और यह कार आगामी 5 डोर फोर्स गोरखा (5 डोर फोर्स गुरखा) और लंबे समय से अनुमानित मारुति सुजुकी जिम्नी को अपने 5 डोर वर्जन से टक्कर देगी।आर वेलुसामी, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, हेड-ऑटोमोटिव प्रोडक्ट डेवलपमेंट, स्थ्रुड्डद्वश्च;रूने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि मॉडल को लंबाई के आधार पर ट्विक किया जाएगा और यह उसी लैडर फ्रेम चेसिस पर बैठेगा जैसा कि हाल ही में लॉन्च किया गया और स्कॉर्पियो एन।

# सोना और चांदी में गिरावट



**नई दिल्ली** । वैश्विक बाजार में आई से बुधवार को भारतीय वायदा बाजार में भी सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट आई, लेकिन अब भी सोने की कीमत 52 हजार से ऊपर चल रही है। चांदी भी 59 हजार के करीब कारोबारकर रही। मल्टीकमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सुबह 24 कैरेट शुद्धता वाले सोने का वायदा भाव 147 रुपए गिरकर 52,342 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। इससे पहले सोने में ट्रेडिंग की शुरुआत 52,450 रुपए के स्तर पर खुलकर हुई, लेकिन मांग में नरमी की वजह से जल्द कीमतों में गिरावट दिखने लगी। सोना अभी अपने पिछले वाले बंद भाव से 0.28 फीसदी की गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है। वहीं चांदी की कीमतों पर भी दबाव दिख रहा है। एमसीएक्स पर चांदी का वायदा भाव 115 रुपए गिरकर 58,676 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गया। इससे पहले चांदी में कारोबार की शुरुआत 58,791 रुपए के स्तर पर खुलकर हुई थी, लेकिन जल्द इस पर भी वैश्विक बाजार का दबाव दिखने लगा। चांदी अभी अपने पिछले बंद भाव से 0.20 फीसदी की गिरावट पर ट्रेडिंग कर रही है।

# वाणी कपूर ने बिकिनी टॉप में बिखेरा जलवा



बेफिकरे और वॉर जैसी फिल्मों में नजर आई वाणी कपूर अक्सर अपनी अदाओं से आग लगाती रहती हैं. एक्ट्रेस अपने ग्लैमरस अंदाज का जादू हर किसी पर चलाती हैं. वाणी ने अब तक जिस भी फिल्म में काम किया है, अपनी अदाओं से आग लगाई है. एक्ट्रेस हाल ही में अपनी स्टाइलिश अंदाज की फोटो फैंस के लिए शेयर की हैं. इन फोटो में वाणी का बहुत ही हॉट अंदाज देखने को मिल रहा है. फैंस के बीच एक्ट्रेस का ये अंदाज छा गया है. वाणी ने हाल ही इंस्टाग्राम पर अपने चाहने वालों के लिए एक ग्लैमरस तस्वीरें पोस्ट की हैं. इन फोटोज में एक्ट्रेस का अंदाज देखकर फैंस दीवाने हो रहे हैं. वाणी के चाहने वालों को उनका ये नया अंदाज काफी ज्यादा पसंद आ रहा है. हाल में इंस्टाग्राम पर वाणी कपूर ने जो फोटोज शेयर की है, उसमें वह बिकिनी टॉप पहने नजर आ रही हैं. एक्ट्रेस यलो कलर का बिकिनी टॉप और व्हाइट ट्राउजर फोटो में पहने हुए हैं. इसके साथ ही एक्ट्रेस ने सेक्सी वाला लाइट सा मेकअप भी कर रखा है. एक्ट्रेस फोटोज में काफी कांफीडेंट नजर आ रही हैं. वाणी अपनी फोटोज से फैंस के बीच आग लगा रही हैं. फैंस को वाणी का ये अंदाज काफी पसंद आ रहा है. फैंस एक्ट्रेस की इन फोटोज पर जमकर कमेंट कर रहे हैं. फैंस एक्ट्रेस की इन अदाओं पर एक बार फिर से फिदा हो गए हैं. अभिनेत्री की अगले तीन फिल्में आने वाली हैं, जहां वह बेल बॉटम में अक्षय कुमार के साथ दिखाई देंगी. उनके पास फिल्म शमशेरा है, जिसमें संजय दत्त और रणबीर कपूर हैं, और करण मल्होत्रा द्वारा निर्देशित है, वाणी चंडीगढ़ करे आशिकी में भी नजर आएंगी, जहां वह पहली बार आयुष्मान खुराना के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करती नजर आएंगी. वाणी कपूर ने अपने करियर की शुरुआत छोटे पर्दे के शो राजुबेन से की थी. इसके बाद उन्होंने यशराज बैनर के साथ तीन फिल्मों की डील साइन की. वाणी को फिल्म शुद्ध देसी रोमांस के लिए ऑडिशन के जरिये चुना गया था. अपनी पहली ही फिल्म में उन्होंने अपनी जबरदस्त एक्टिंग से आलोचकों के मुंह पर ताले जड़ दिए थे।

## जैकलीन ने 'बच्चन पांडे' के लिए रस्सी पर चलना सीखा

जैसलमेर में हाल ही में 'बच्चन पांडे' की शूटिंग पूरी करने वालीं अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज ने फिल्म में अपनी भूमिका के लिए



रस्सी पर चलने का प्रशिक्षण लिया। यह एक पतले तार या रस्सी पर चलने का कौशल है। जैकलिन लगभग तीन सप्ताह के लिए जैसलमेर में थीं और उन्होंने लगभग एक में यह कला सीख ली। एक करीबी सूत्र ने कहा, इस कला को सीखना मुश्किल है, जहां एक व्यक्ति को रस्सी पर चलने के लिए शरीर के संतुलन की आवश्यकता होती है, जो जमीन से लगभग आठ से 10 फीट की ऊंचाई पर बंधा होता है। जैकलिन ने आसानी से इस कला को सीख लिया। सूत्र ने कहा कि अभिनेत्री ने पहले भी व्यक्तिगत स्तर पर पोल डांसिंग और एरियल योग का प्रशिक्षण लिया है, जिससे उन्हें इस कौशल को सीखने के लिए शरीर का संतुलन बनाने में मदद मिली। 'बच्चन पांडे' में अक्षय कुमार और कृति सैनन भी हैं। फरहाद सामजी निर्देशित यह एक्शन कॉमेडी फिल्म अगले साल 26 जनवरी को रिलीज होगी।

## एक बार फिर रुकी फिल्म 'भूल भुलैया 2' की शूटिंग

भारत में कोरोना वायरस के मामले काफी तेज़ी से बढ़ रहे है। जिसके चलते हर कोई काफी परेशान नज़र आ रहा है। वही बॉलीवुड के कई कलाकार इस वायरस की चपेट में आ चुके है जिसमे मनोज बाजपेयी , संजय लीला भंसाली , सतीश कौशिक और कार्तिक आर्यन जैसे कलाकारों का नाम शामिल है। इन बड़े नामो के सामने आने के बाद से बॉलीवुड के गलियारों में हलचल मच गयी है। वही कोरोना के बढ़ते मामले के चलते कई फिल्मो को शूटिंग पर इसका असर देखने को मिलना शुरू हो गया है। इस बिच कार्तिक आर्यन की अपकमिंग फिल्म 'भूल भुलैया 2' को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आ रहा है। कर्तिक की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद से इस फिल्म की शूटिंग को रोक दिया गया है। कार्तिक आर्यन इन दिनों कई बड़े प्रोजेक्ट का हिस्सा बने हुए है जिसको लेकर काफी जबरदस्त चर्चा थी वही हाल ही में कार्तिक की फिल्म धमाके का टीजर रिलीज किया गया था। जिसको काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। लेकिन कार्तिक के कोरोना पॉजिटिव आने के बाद से कई सह कलाकारों की पसीना छूट गए है। वही अब फिल्म के बाकि कलाकारों का भी कोरोना टेस्ट कराया जाएगा। जिसमे कियारा आडवाणी और तब्बू का भी कोविड 19 टेस्ट करवाया जाएगा।

# महेश बाबू के साथ जाह्नवी कपूर करेंगी रोमांस करण जौहर की फिल्म में दिखेगी धमाकेदार जोड़ी

तेलुगू एक्टर महेश बाबू इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म की शूटिंग में बिजी हैं. इस फिल्म में महेश बाबू के साथ कीर्ति सुरेश लीड रोल में नजर आएंगी. इसके बाद महेश बाबू एसएस राजामौली की फिल्म में नजर आएंगे. मगर उससे पहले वह अपनी पैन इंडिया फिल्म की शूटिंग करेंगे. इस फिल्म में वह श्रीदेवी की बेटी जाह्नवी कपूर के साथ रोमांस करते नजर आने वाले हैं. महेश बाबू और जाह्नवी कपूर को साथ में लाने वाले फिल्ममेकर कोई और नहीं बल्कि करण जौहर हैं. जाह्नवी कपूर के टॉलीवुड में डेब्यू को लेकर खबरें लंबे समय से आ रही हैं. कई साउथ के फिल्ममेकर जाह्नवी को अपनी फिल्म में कास्ट करने की कोशिश कर रहे थे मगर ऐसा हो नहीं पाया. हालांकि अब महेश बाबू के साथ जाह्नवी टॉलीवुड में कदम रखने जा रही हैं. रिपोर्ट्स की माने तो महेश बाबू और जाह्नवी कपूर को साथ में लेकर आने वाले फिल्ममेकर करण



जौहर हैं. इस फिल्म की शूटिंग के लिए करण एक यंग डायरेक्टर को ढूंढ रहे हैं. मेकर्स इस फिल्म की शूटिंग 60 दिनों में खत्म करना चाहते हैं. आपको बता दें महेश बाबू के पिता कृष्णा और जाह्नवी कपूर की मां श्रीदेवी ने साथ में कई सुपरहिट फिल्में दी हैं. फैंस को दोनों की जोड़ी और केमिस्ट्री बहुत पसंद आती थी. अब फैंस को महेश बाबू और जाह्नवी से भी वही उम्मीदें हैं. क्या दोनों फिर से अपने पिता और माता जैसा जादू क्रिएट कर पाएंगे. साउथ के स्टार्स को हिंदी दर्शक बहुत पसंद करते हैं. जिसकी वजह से एक के बाद एक एक्टर बॉलीवुड में डेब्यू कर रहे हैं. प्रभास और यश के बाद अब विजय देवरकोंडा ने बॉलीवुड में कदम रख दिया है. वह करण जौहर की फिल्म लाइगर में अनन्या पांडे के साथ नजर आने वाले हैं. इस फिल्म का फैंस को बेसब्री से इंतजार है. लाइगर पैन इंडिया फिल्म है. दर्शकों को उम्मीद है कि यह फिल्म कई रिकॉर्ड तोड़ेगी.

वहीं महेश बाबू की बात करें तो उन्हें कई बार बॉलीवुड फिल्मों के लिए अप्रोच किया जा चुका है. मगर उनका मानना है कि वह तेलुगू फिल्मों पर अपना फोकस रखना चाहते हैं।



# साइना के लुक में परिणीति चोपड़ा ने शेयर की तस्वीर

साइना के लुक में परिणीति चोपड़ा ने शेयर की तस्वीर अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म साइना को लेकर चर्चा में है। यह फिल्म बैडमिटन खिलाड़ी साइना की बायोपिक है। फिल्म में परिणीति चोपड़ा बैडमिंटन स्टार साइना नेहवाल का किरदार निभा रही है। हाल ही में इस फिल्म का ट्रेलर जारी हुआ था। इस फिल्म में साइना के किरदार में परिणीति को काफी तारीफें मिल रही हैं। अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म साइना को लेकर चर्चा में है। यह



फिल्म बैडमिटन खिलाड़ी साइना की बायोपिक है। फिल्म में परिणीति चोपड़ा बैडमिंटन स्टार साइना नेहवाल का किरदार निभा रही है। हाल ही में इस फिल्म का ट्रेलर जारी हुआ था। इस फिल्म में साइना के किरदार में परिणीति को काफी तारीफें मिल रही हैं। वहीं इन सब के बीच अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरों का एक कोलाज शेयर किया है, जिसमें से एक तस्वीर बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल की है, जिनकी बायोपिक में परिणीति काम कर रही हैं। वहीं दूसरी तस्वीर साइना के किरदार और गेटअप में अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा की हैं। इस तस्वीर में परिणीति हू -ब -हू साइना नेहवाल की तरह दिखाई दे रही हैं। इस तस्वीर को इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए परिणीति ने लिखा-मैं जीवन में बतौर अभिनेत्री ऐसा एक बार कर बहुत उत्साहित हूंद्य साइना और परिणीति परिणीति की इस पोस्ट पर फैंस जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

## बॉबी देओल ने किया अपना जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन

बॉलीवुड के कलाकार अपनी फिल्मो को लेकर काफी चर्चा में रहती है वही कुछ एक्टर अब ओटीटी की तरह रुख कर चुके है। ओटीटी पर कई बॉलीवुड कलाकारों को काफी सफलता मिली है। उन्ही में से एक है बॉबी देओल। बॉबी देओल ने ओटीटी पर कदम रखते हैं अपने नाम का डंका बाजवा लिया है। आज बॉबी एक बड़े नाम बन गए है। वही इन दिनों बॉबी देओल अपनी फिटनेस पर काफी ध्यान दे रहे है। वैसे तो बॉबी काफी फिट है लेकिन अब बॉबी एक बड़ा धमाका करने वाले है। सोशल मीडिया पर बॉबी देओल की तस्वीरें कई जबरदस्त तरीके से वायरल हो रही हो रही है। उनकी इस तस्वीर में उनकी जबरदस्त बॉडी नज़र आ रही है। बॉबी का जबरदस्त रिस्पॉन्स देखने के बाद उनके फैंस काफी खुश नज़र आ रहे है। वही के वीडियो में बॉबी काफी जम में पसीना बहते हुए नज़र आ रहे है। हाल ही में रिलीज वेब सीरीज आश्रम और 83 में बॉबी को जबरदस्त फिटनेस को देखकर सभी हैरान थे। वही बॉबी अब अपने 2 की शूटिंग में व्यस्त है। इस फिल्म के लिए बॉबी को जबरदस्त बॉडी की जरुरत है। इस फिल्म में बॉबी जबरदस्त फाइट करते हुए नज़र आने वाले है।



# पहली बार ग्रे किरदार में नजर आएगी यामी गौतम



बॉलीवुड एक्ट्रेस यामी गौतम ने अपनी आगामी फिल्म 'ए थर्सडे की शूटिंग शुरू कर दी है। यामी गौतम ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर 'ए थर्सडे' की शूटिंग शुरू होने की जानकारी दी। उन्होंने अपने इंस्टग्राम अकाउंट पर क्लैप बोर्ड की फोटो शेयर की। इस तस्वीर के साथ उन्होंने कैप्शन लिखा- 'ब्रेकिंग न्यूजः आपके लिए आने वाली है ऐसी घटनाओं की सीरीज है, जिसे भूला नहीं जा सकता और ये सब हुआ ए थर्सडे को!' वहीं, यामी के साथ एक्ट्रेस नेहा धूपिया ने भी फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। वे भी फिल्म में अहम रोल निभाने जा रही हैं। यामी फिल्म में नैना जायसवाल की भूमिका निभाती हुई नजर आएंगी। वह फिल्म में 16 बच्चों को बंधक बनाने वाले एक प्ले स्कूल की टीचर का किरदार निभा रही हैं। इस फिल्म में यामी पहली बार ग्रे किरदार निभा रही हैं। फिल्म का कोई पोस्टर रिलीज नहीं हुआ है, ऐसे में एक्ट्रेस के लुक को लेकर अभी सस्पेंस बना हुआ है। इस फिल्म का निर्माण आरएसवीपी और ब्लू मंकी फिल्म्स द्वारा किया जा रहा है। बेहजाद खंबाटा द्वारा निर्देशित और लिखित, ये थ्रिलर फिल्म एक अकल्पनीय दिन 'ए थर्सडे' के बारे में हैं। वहीं, फिल्म में यामी गौतम लीड रोल प्ले कर रही हैं, फिल्म में उनके अलावा बॉलीवुड एक्ट्रेस नेता धूपिया, डिंपल कपाड़िया, अतुल कुलकर्णी जैसे कलाकार भी अहम किरदार निभा रहे हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो यामी फिल्म 'भूत पुलिस' में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में वो अर्जुन कपूर, सैफ अली खान और जैकलीन फर्नांडिस के साथ अहम किरदार निभा रही हैं।

# रंगों की मस्ती खतरनाक साबित हो सकती है, रखें इन 7 बातों का ध्यान



होली पर थोड़ी सी भी लापरवारी हमारे लिए खतरनाक साबित हो सकती है। आजकल बाजार में आने वाले रासायनिक रंगों में लेड ऑक्साइड, मरकरी सल्फाइड, एल्युमिनियम ब्रोमाइड और कॉपर सल्फेट जैसे घातक रसायन होते हैं, जो एलर्जी के अलावा और भी कई परेशानियां पैदा कर सकते हैं। कई रंग तो आपको अंधा भी बना सकते हैं। वहीं पानी में ज्यादा भीगने से भी परेशानी हो सकती है।

1.होली पर सिंथेटिक रंगों से बचकर रहें। इन रंगों में लेड आक्साइड, मरकरी सल्फाइड ब्रोमाइड, कापर सल्फेट आदि भयानक केमिकल मिले होते हैं जो कि आंखों की एलर्जी, त्वचा में खुजली और अंधा तक बना देते हैं। इनकी जगह हिना, हल्दी पाउडर, चंदन, फूलों की पंखुड़ियों का चूरा आदि भी प्रयोग कर सकते हैं, जो कि त्वचा को बिल्कुल नुकसान नहीं पहुंचाएंगे।

2. वे लोग जिन्हें रंगों से एलर्जी हैं, उन्हें हर हाल में इन रंगों से दूर रहना चाहिये। साथ ही एक्जिमा से परेशान लोगों को भी इन रंगों से दूर रहना चाहिए। बेहतर होगा कि रंग खेलने से पहले शरीर पर नारियल का तेल या सरसों का तेल लगा लीजिये, जिससे रंग त्वचा पर ना चिपके।

3. होली खेलते वक्त त्वचा लगातार पानी के संपर्क में रहती है, इसलिये त्वचा पर घाव और कटने-छिलने के चांस बढ़ जाते हैं। अगर आपकी त्वचा कट छिल जाए तो उस पर एंटीसेप्टिक लगाएं और रंग खेलना बंद कर दें।

4. रंग खेलने से पहले बालों में खूब सारा तेल लगाएं और सिर को रुमाल या स्कार्फ से ढक लें। सिंथेटिक रंग बालों को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं।

5. होली के मौके पर पानी में ज्यादा भीगने से भी बचें। इससे बुखार, जुकाम, सिर दर्द, नाक बहना, बदन दर्द आदि की परेशानियां हो सकती हैं।

## सिर ही नहीं रीढ़ की हड्डी के लिए भी फायदेमंद है हेलमेट, जानिए कैसे?



हेलमेट पहनने से जहां आपके सिर की सुरक्षा होती है, वहीं हेलमेट पहनना आंखों और त्वचा के लिए भी फायदेमंद है। नियम कितने भी सख्त हों, लेकिन ज्यादातर लोग हेलमेट पहनने को शान के खिलाफ समझते हैं। हेलमेट पहनना जहां सुरक्षा की दृष्टि से सही होता है, वहीं हेलमेट पहनने के और भी फायदे हैं। अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ विस्कॉन्सिन के एक शोध में कहा गया है कि हेलमेट पहनने से दुर्घटना के समय आपका सिर ही नहीं रीढ़ की हड्डी की भी सुरक्षा होती है। विशेषज्ञों का कहना है कि हेलमेट पहनने से सर्वाइकल स्पाइन इंजरी होने का खतरा कम हो जाता है। अगर हेलमेट पहन रखा है और दुर्घटना घट गई, तो रीढ़ की हड्डी में फ्रैक्चर होने की संभावना कम हो जाती है। अमेरिका की नेशनल हाईवे ट्रैफिक सेफ्टी एडमिनिस्ट्रेशन के अनुमान के मुताबिक, हेलमेट पहनने से मस्तिष्क को गंभीर चोट से बचाया जा सकता है। शोध के सहलेखक पॉल एस. पेज का कहना है कि हेलमेट पहनने से सीएसआई के खतरे को कम किया जा सकता है।

# एनडीए को झटका

बिहार में नीतीश कुमार के भाजपा से अलग होने का असर भगवा पार्टी पर पड़ेगा या नहीं, यह वक्त तय करेगा, मगर अभी एनडीए कुनबे के लिए यह अच्छी खबर नहीं है। बीते कुछ समय में एक-एक करके एनडीए के कई दल गठबंधन से अलग हो चुके हैं। लोकसभा चुनाव 2014 से पहले भारतीय जनता पार्टी की अगुआई वाले एनडीए यानी नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस में छोटी-बड़ी कुल 24 पार्टियां थीं। लेकिन जैसे ही भारतीय जनता पार्टी ने गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया एनडीए में पहली दरार आ गई। सबसे पहले बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही एनडीए छोड़कर अलग हो गए। इसके बाद भाजपा ने गठबंधन के 23 दलों के साथ मिलकर चुनाव लड़ा और रिकॉर्ड जीत हासिल की। नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री बने और यहीं से भाजपा का नए सिरे से उदय होने लगा, जबकि एनडीए सिकुड़ने लगा। एनडीए से गठबंधन के दलों के जाने का सिलसिला 2014 लोकसभा चुनाव में जीत के बाद ही शुरू हो गया था। सबसे पहले हरियाणा जनहित कांग्रेस ने एनडीए का दामन छोड़ा। पार्टी नेता कुलदीप बिश्नोई ने लोकसभा चुनाव के कुछ महीने बाद और हरियाणा विधानसभा चुनाव से ठीक पहले एनडीए से अलग हो गए। बिश्नोई ने भाजपा पर क्षेत्रीय पार्टियों को खत्म करने का आरोप लगाया था। इसी साल तमिलनाडु की मरूमलारछी द्रविड़ मुनेत्र कषगम ने भी एनडीए छोड़ दिया। इस पार्टी ने बीजेपी पर तमिलों के खिलाफ काम करने का आरोप लगाया था। तेलुगु सुपरस्टार पवन कल्याण ने 2014 लोकसभा चुनाव में एनडीए के लिए जमकर चुनाव प्रचार किया था, लेकिन वह भी ज्यादा दिन एनडीए में नहीं रह सके और उनकी जन सेना पार्टी भी गठबंधन से अलग हो गई। 2016 में ही केरल की रेवॉल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी ने भी एनडीए छोड़ दिया। इसी साल ट्राइबल लीडर सीके जनु की पार्टी जनाधिपत्य राष्ट्रीय सभा ने भी एनडीए से नाता तोड़ लिया। 2017 में महाराष्ट्र की सहयोगी पार्टी स्वाभिमान पक्ष ने एनडीए से अलग होने का एलान किया। 2018 में बिहार की सहयोगी दल दल हिंदुस्तान अवाम मोर्चा ने खुद को एनडीए से अलग कर लिया। हालांकि, बाद में वह फिर से एनडीए का हिस्सा बने और 2020 में जब भाजपा-जदयू की सरकार बनी तो मांझी भी उसमें शामिल हुए। नगालैंड में बीजेपी ने नगा पीपुल्स फ्रंट के साथ 15 साल पुराना गठबंधन तोड़ दिया था। बाद में भाजपा ने नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के साथ अलायंस करके नगालैंड की सत्ता हासिल कर ली। हालांकि, अब ये दोनों पार्टियां एनडीए का हिस्सा हैं। मार्च 2018 में तेलुगु देशम पार्टी के प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने एनडीए का साथ छोड़ दिया। वह आंध्र के लिए विशेष राज्य का दर्जा मांग रहे थे, जो उन्हें नहीं मिला और वह अलग हो गए। टीडीपी के बाद पश्चिम बंगाल में गोरखा जनमुक्ति मोर्चा ने एनडीए से समर्थन वापस ले लिया। इसके बाद कर्नाटक प्रज्ञानवंथा जनता पार्टी ने भी एनडीए से नाता तोड़ लिया। दिसंबर 2018 में राष्ट्रीय लोक समता पार्टी यानी रालोसपा ने एनडीए को छोड़ दिया। इसके अलावा मुकेश साहनी की विकासशील इंसान पार्टी भी एनडीए से अलग होकर लालू यादव के साथ महागठबंधन चली गई थी। हालांकि, बाद में ये दोनों वापस एनडीए में आ गए थे। अब नीतीश कुमार के साथ फिर इनके महागठबंधन में जाने की खबर है। 2018 में ही जम्मू-कश्मीर में महबूबा मुफ्ती की पार्टी पीडीपी के साथ भी भाजपा का गठबंधन टूट गया था। इस तरह से पीडीपी भी एनडीए से बाहर हो गई। फिर शिवसेना, अकाली दल, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी भी साथ छोड़ गए 2019 के बाद भी तेजी से एनडीए के घटक दलों का जाना लगा रहा।

# बहन भाई के पवित्र प्रेम का महान पर्व है रक्षाबंधन!

डा श्रीगोपाल नारसन

महान पर्व रक्षाबंधन बहन भाई के पवित्र प्रेम का प्रतीक है।भाई बहन का एक दूसरे के प्रति हित चिंतक होना और जब भी आवश्यकता हो ,मदद व रक्षा के लिए तत्पर रहना ही इस पवित्र रिश्ते में मिठास पैदा करता है।

रक्षा बंधन का त्योहार सावन मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है. पंचांग के अनुसार, इस साल पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 11 अगस्त को सुबह 10 बजकर 38 मिनट से होगी।जबकि पूर्णिमा तिथि का समापन 12 अगस्त को सुबह 7 बजकर 05 मिनट पर होगा। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, इस बार रक्षाबंधन के दिन एक बेहद शुभ संयोग का निर्माण हो रहा है। इस दुर्लभ शुभ संयोग के कारण रक्षाबंधन का त्योहार और भी अधिक खास माना जा सकता है। इस बार रक्षा बंधन का त्योहार अमृत योग में मनाया जाएगा।ज्योतिष शास्त्र के जानकारों के का कहना है कि रक्षा बंधन पर ऐसा दुर्लभ संयोग 24 साल बाद बन रहा है। अमृत योग में किए गए शुभ कार्य सफलतापूर्वक संपन्न होते हैं।ऐसा माना जाता है। भाई-बहन दोनो को संकल्प करना चाहिए कि परमात्मा इतनी शक्ति दे कि परमात्म अनुभूति के साथ पवित्रता का संकल्प करते हुए हम देवता समान बन जाए ।यही रक्षाबंधन की मूल अवधारणा है। चूंकि हम सभी परमात्मा की संतान हैं और परमात्मा हमारा पिता है। इसी कारण उसकी संतान होने के नाते हम आपस में भाई-भाई या फिर भाई बहन एक दूसरे को मानें और समझें तथा आवश्यकता पड़ने पर एक दूसरे की रक्षा करें। इसी संकल्प को बंधन रुप में मानते हुए यह पर्व मनाया जाता है। भाई-बहन का रिश्ता चूंकि सबसे पवित्र और पावन है, चाहे बहन हो या भाई दोनों ही एक दूसरे के प्रति शुभ भावना रखते हैं और एक दूसरे की प्रगति चाहते हैं, वह भी बिना किसी स्वार्थ के। हालांकि रक्षाबंधन पर जब बहन ,भाई को राखी बांधती है तो भाई बदले में उसे उपहार देता है। ऐसा इसलिए है ताकि भाई बहन के बीच प्रेम और सदभाव उत्तरोत्तर बढ़ता रहे और कम से कम एक दिन ऐसा हो जब भाई बहन एक दूसरे से मिलकर खुशी मना सकें। आज भी गांव देहात में पंडित द्वारा अपने यजमानों को रक्षासूत्र यानि राखी बांधने का प्रचलन है। इसके पीछे भी यही अवधरणा है कि पंडित को विद्वान और पवित्र माना जाता है और वह रक्षासूत्र बांधने के पीछे अपने यजमान को बुद्धिमान और पवित्र रहने का संदेश देता है। रक्षाबंधन के पर्व पर जब बहन भाई की कलाई पर राखी बांधती है तो उन्हें विकारों को त्यागने का संकल्प लेना चाहिए। जिसकी शुरूआत प्रति रक्षाबंधन एक विकार को त्यागने के संकल्प के साथ हो सकती है। क्योंकि मनुष्य में व्याप्त विकार एक नहीं अनेक होते हैं। जिनमें काम क्रोध, मोह, लोभ और अहंकार जहां प्रमुख हैं ।वहीं ईर्ष्या, द्वेष, घृणा जैसे विकार भी मनुष्य की प्रगति में बाधक हैं। सच पूछिए तो रक्षाबंधन है ही पवित्रता का पावन पर्व। जिसमें भाई बहन के पवित्र रिश्ते की रक्षा के लिए रक्षासूत्र बांधने की वर्षों से परम्परा है। इस पर्व के माध्यम से जहां हम अपनी बहनों की सुख समृद्धि और प्रगति की कामना करते हैं वहीं बहन भी अपने भाई की दीर्घायु की कामना के साथ-साथ उसकी उन्नति की प्रार्थना करती हैं। रक्षा बन्धन शब्द से ही इस पर्व के अर्थ का पता चल जाता है। भावनात्मक रिश्तो को बनाये रखने और एक दूसरे की रक्षा को कृतसंकल्पित होने के अवसर का नाम है रक्षा बन्धन। भले ही आज यह पर्व भाई बहन की रक्षा के संकल्प के निमित मनाया जाता हो और बहन अपने भाई की कलाई पर राखी बांधकर उनसे संकट के समय रक्षा करने का वरदान लेती हो परन्तु यह वास्तव में हर रिश्ते को पवित्रता की डोर में बांधकर रक्षा के संकल्प का पर्व है। भाई बहन ही नही, पति पत्नी भी इस रक्षा सूत्र से बंधे है ऐसा शास्त्रों में उल्लेख मिलता है।

स्वर्गलोक के राजा इन्द्र की पत्नी शचि ने वैदिक मन्त्रों से अभिमन्त्रित रक्षा सूत्र अपने पति की भुजा पर बांधकर उनकी शत्रुओं से रक्षा की थी। तभी से प्रतिवर्ष श्रावण मास की पूर्णिमा को रक्षाबन्धन का पर्व मनाया जाने लगा है।



हालाकि अब यह पर्व भाई बहन का त्यौहार बन गया है और बहन ही अपने भाई की दीर्घायु की कामना व रक्षा की अपेक्षा के साथ भाई की कलाई पर राखी बांधती है और भाई अपनी बहन को शगुन देकर उसकी खुशहाली की कामना करता है। भविष्य पुराण के अनुसार रक्षाबन्धन की वास्तविक शुरूआत इन्द्र की पत्नी शचि द्वारा अपने पति को राखी बांधने से हुई थी। रानी कर्णावती ने मुगल शासक हुमांयु को सकंट के समय राखी भेजकर उनसे अपनी रक्षा की याचना की थी। हुमायूं ने भी प्रेम और स्नेह की प्रतीक राखी के बधंन को निभाते हुए करणावती की रक्षा अपने प्राणों की बाजी लगाकर की थी। इसी तरह रूपनगर की राजकुमारी की राखी की लाज रखने के लिए महाराजा राजसिंह ने मुगल शासक औरंगजेब से लौहा लिया था। इसी दिन अनिष्ट शमन के लिए भगवान श्री कृष्ण का रक्षा बन्धन किया गया था।यानि रक्षा बन्धन का पर्व भावनात्मक रिश्तों को मजबूत करने,भाई बहन में प्यार और विश्वास बढाने तथा एक दूसरे की रक्षा को वचनबद्ध रहने का पर्व है। वही इस पर्व को बुराई छोडने के सकंल्प दिवस के रूप में भी मनाया जाता है।

प्रजापिता ब्रहमाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय इस पर्व को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाता है। ब्रहमाकुमारी बहनें समाज के शीर्ष पदों पर विराजित महानुभावों से लेकर आमजन तक राखी पर्व का संदेश उन्हें राखी बांधकर देती हैं। वें राखी बांधने के बदले कोई उपहार या नगदी कभी ग्रहण नहीं करती हैं अपितु चाहती हैं कि जिस भाई को उन्होंने राखी बांधी है ,वह कम से कम अपने भीतर व्याप्त एक अवगुण का त्याग हमेंशा के लिए करें। तभी यह पर्व सार्थक माना जाता है। इस संस्था में रक्षाबंधन पर्व मनाने की शुरूआत 15 दिन पहले से ही हो जाती है और बाद तक चलती रहती है। ताकि समाज अवगुणों से मुक्त हो और एक स्वर्णिम सद्गुणी समाज की स्थापना हो सके। रक्षाबंधन यानी भाई बहन का त्यौहार। कहा जाता है कि भाई और बहन के रिश्ते से पवित्र दुनिया में कोई भी रिश्ता नहीं होता। इस दिन बहनें अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधती हैं और भाई जीवनभर उसकी रक्षा का प्रण लेता है। हालांकि सभी दिन परमपिता परमात्मा के बनाये हुए हैं जब परमात्मा की कृपा होती है तो सभी कार्य स्वतः ही सिद्ध होने लगते हैं। लेकिन फिर भी सनातन धर्म के अनुसार कुछ दिनों का महत्व अलग होता है, जिसे हम त्यौहार कहते हैं। जबकि परमात्मा की दृष्टि में सभी दिन एक जैसे ही होते हैं। उनमें विशेष कुछ है तो वह है शुभ और अशुभ लग्न। जिसे हम साधारण भाषा में शुभ व अशुभ समय भी कहते हैं। जिसके बारे में जानकारी प्राप्त कर सभी बहनें अपने भाईयों की कलाई पर शुभ समय में ही रक्षासूत्र को बांधने का प्रयास करे। यदि शुभ लग्न अनुसार रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाए तो अधिक फलदायी हो जाता है। हालांकि यह ऐसा पर्व है जिसे कभी भी और किसी भी समय व किसी भी दिन मनाया जा सकता है।इसी पर्व पर यथार्थ दर्शाती कविता की एक बानगी देखिए।

### रक्षा बन्धन के लिए

बहन का होना जरूरी है
जिसके लिए कन्या भ्रूण
हत्या रोकना जरूरी है
वर्ना एक दिन
भाई ही भाई नज़र आएगें
बहनों को आप
किताबों में ही पढ पाएगें।

## उपयोगी हल

एक बार की बात है एक राजा था। उसका एक बड़ा-सा राज्य था।एक दिन उसे देश घूमने का विचार आया और उसने देश भ्रमण की योजना बनाई और घूमने निकल पड़ा। जब वह यात्रा से लौट कर अपने महल आया। उसने अपने मंत्रियों से पैरों में दर्द होने की शिकायत की। राजा का कहना था कि मार्ग में जो कंकड़ पत्थर थे वे मेरे पैरों में चुभ गए और इसके लिए कुछ इंतजाम करना चाहिए। कुछ देर विचार करने के बाद उसने अपने सैनिकों व मंत्रियों को आदेश दिया कि देश की संपूर्ण सड़कें चमड़े से ढंक दी जाएं। राजा का ऐसा आदेश सुनकर सब सकते में आ गए। लेकिन किसी ने भी मना करने की हिम्मत नहीं दिखाई। यह तो निश्चित ही था कि इस काम के लिए बहुत सारे रुपए की जरूरत थी। लेकिन फिर भी किसी ने कुछ नहीं कहा। कुछ देर बाद राजा के एक बुद्धिमान मंत्री ने एक युक्ति निकाली। उसने राजा के पास जाकर डरते हुए कहा कि मैं आपको एक सुझाव देना चाहता हूँ। अगर आप इतने रुपयों को अनावश्यक रूप से बर्बाद न करना चाहें तो एक अच्छी तरकीब मेरे पास है। जिससे आपका काम भी हो जाएगा और अनावश्यक रुपयों की बर्बादी भी बच जाएगी। राजा आश्चर्यचकित था क्योंकि पहली बार किसी ने उसकी आज्ञा न मानने की बात कही थी। उसने कहा बताओ क्या सुझाव है। मंत्री ने कहा कि पूरे देश की सड़कों को चमड़े से ढंकने के बजाय आप चमड़े के एक टुकड़े का उपयोग कर अपने पैरों को ही क्यों नहीं ढंक लेते। राजा ने अचरज की दृष्टि से मंत्री को देखा और उसके सुझाव को मानते हुए अपने लिए जूता बनवाने का आदेश दे दिया। यह कहानी हमें एक महत्वपूर्ण पाठ सिखाती है कि हमेशा ऐसे हल के बारे में सोचना चाहिए जो ज्यादा उपयोगी हो। जल्दबाजी में अप्रायोगिक हल सोचना बुद्धिमानी नहीं है।

# श्री खुदीराम बोस शहीद दिवस

डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन

अपने देश के लिये फाँसी पर चढ़ने वाले सबसे कम उम्र के ज्वलन्त तथा युवा क्रान्तिकारी देशभक्त भारतीय स्वाधीनता के लिये मात्र 18 साल की उम्र में भारतवर्ष की स्वतन्त्रता के लिए फाँसी पर चढ़ गये।

खुदीराम का जन्म 3 दिसम्बर 1889 को पश्चिम बंगाल के मिदनापुर जिले के बहुवैनी नामक गाँव में कायस्थ परिवार में बाबू त्रैलोक्यनाथ बोस के यहाँ हुआ था। उनकी माता का नाम लक्ष्मीप्रिया देवी था। बालक खुदीराम के मन में देश को आजाद कराने की ऐसी लगन लगी कि नौवीं कक्षा के बाद ही पढ़ाई छोड़ दी और स्वदेशी आन्दोलन में कूद पड़े। छात्र जीवन से ही ऐसी लगन मन में लिये इस नौजवान ने हिन्दुस्तान पर अत्याचारी सत्ता चलाने वाले ब्रिटिश साम्राज्य को ध्वस्त करने के संकल्प में अलौकिक धैर्य का परिचय देते हुए पहला बम फेंका और मात्र 19 वें वर्ष में हाथ में भगवद गीता लेकर हँसते-हँसते फाँसी के फन्दे पर चढ़कर इतिहास रच दिया।

स्कूल छोड़ने के बाद खुदीराम रिवोल्यूशनरी पार्टी के सदस्य बने और वन्दे मातरम् पैफलेट वितरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। 1905 में बंगाल के विभाजन (बंग-भंग) के विरोध में चलाये गये आन्दोलन में उन्होंने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।

फरवरी 1906 में मिदनापुर में एक औद्योगिक तथा कृषि प्रदर्शनी लगी हुई थी। प्रदर्शनी देखने के लिये आसपास के प्रान्तों से सैंकडों लोग आने लगे। बंगाल के एक क्रान्तिकारी सत्येन्द्रनाथ द्वारा लिखे 'सोनार बांगला' नामक ज्वलंत पत्रक की प्रतियाँ खुदीरामने इस प्रदर्शनी में बाँटी। एक पुलिस वाला उन्हें पकडने के लिये भागा। खुदीराम ने इस सिपाही के मुँह पर घूँसा मारा और शेष पत्रक बगल में दबाकर भाग गये। इस प्रकरण में राजद्रोह के आरोप में सरकार ने उन पर अभियोग चलाया परन्तु गवाही न मिलने से खुदीराम निर्दोष छूट गये। 28 फरवरी 1906 को खुदीराम बोस गिरफ्तार कर लिये गये लेकिन वह कैद से भाग निकले। लगभग दो महीने बाद अप्रैल में वह फिर से पकड़े गये। 16 मई 1906 को उन्हें रिहा कर दिया गया। 6 दिसंबर 1907 को खुदीराम ने नारायणगढ़ रेलवे स्टेशन पर बंगाल के गवर्नर की विशेष ट्रेन पर हमला किया परन्तु गवर्नर बच गया। सन 1908 में उन्होंने दो अंग्रेज अधिकारियों वाट्सन और पैम्फायल्ट फुलर पर बम से हमला किया लेकिन वे भी बच निकले।



मिदनापुर में 'युगान्तर' नाम की क्रान्तिकारियों की गुप्त संस्था के माध्यम से खुदीराम क्रान्तिकार्यों पहले ही में जुट चुके थे। 1905 में लॉर्ड कर्जन ने जब बंगाल का विभाजन किया तो उसके विरोध में सड़कों पर उतरे अनेकों भारतीयों को उस समय के कलकत्ता के मॅजिस्ट्रेट किंग्जफोर्ड ने क्रूर दण्ड दिया। अन्य मामलों में भी उसने क्रान्तिकारियों को बहुत कष्ट दिया था। इसके परिणामस्वरूप किंग्जफोर्ड को पदोन्नति देकर मुजफ्फरपुर में सत्र न्यायाधीश के पद पर भेजा। 'युगान्तर' समिति कि एक गुप्त बैठक में किंग्जफोर्ड को ही मारने का निश्चय हुआ। इस कार्य हेतु खुदीराम तथा प्रफुल्लकुमार चाकी का चयन किया गया। खुदीराम को एक बम और पिस्तौल दी गयी। प्रफुल्लकुमार को भी एक पिस्तौल दी गयी। मुजफ्फरपुर में आने पर इन दोनों ने सबसे पहले किंग्जफोर्ड के बँगले की निगरानी की। उन्होंने उसकी बग्घी तथा उसके घोडे का रंग देख लिया। खुदीराम तो किंग्जफोर्ड को उसके कार्यालय में जाकर ठीक से देख भी आए। 30 अप्रैल 1908 को ये दोनों नियोजित काम के लिये बाहर निकले और किंग्जफोर्ड के बँगले के बाहर घोड़ागाड़ी से उसके आने की राह देखने लगे। बँगले की निगरानी हेतु वहाँ मौजूद पुलिस के गुप्तचरों ने उन्हें हटाना भी चाहा परन्तु वे दोनो उन्हें योग्य उत्तर देकर वहीं रुके रहे। रात में साढ़े आठ बजे के आसपास क्लब से किंग्जफोर्ड की बग्घी के समान दिखने वाली गाडी आते हुए देखकर खुदीराम गाडी के पीछे भागने लगे। रास्ते में बहुत ही अँधेरा था। गाडी किंग्जफोर्ड के बँगले के सामने आते ही खुदीराम ने अँधेरे में ही आने वाली बग्घी पर निशाना लगाकर जोर से बम फेंका। हिन्दुस्तान में इस पहले बम विस्फोट की आवाज उस रात तीन मील तक सुनाई दी और कुछ दिनों बाद तो उसकी आवाज इंग्लैंड तथा योरोप में भी सुनी गयी जब वहाँ इस घटना की खबर ने तहलका मचा दिया।

# इनकम टैक्स रिटर्नः आखिरी तारीख और कार्यसंस्कृति में अनुशासन

### सूडोकु नवताल- 6159

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6158 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

डॉ योगेन्द्र श्रीवास्तव

काफी दिनों से जारी कयासों के बीच इनकम टैक्स विभाग ने इस बार रिटर्न जमा करने की तारीख बढ़ाने से इनकार कर दिया। सोशल मीडिया पर तमाम तरह के मीम्स चले और एक तरह का अभियान छेड़ दिया गया लेकिन इस बार इनकम टैक्स विभाग ने 31 जुलाई को अपनी खिड़की बंद कर दी। बेशक आगे भी रिटर्न फाइल होते रहेंगे लेकिन जुर्माने के साथ। अब ये बहस छिड़ी है कि तारीख बढ़ाना चाहिये था या नहीं ! हर काम टालने के अभ्यस्त भारतीयों की आस अभी भी नहीं टूटी है और कई संगठनों ने वित्तमंत्री को पत्र लिखकर 31 अगस्त तक की मोहलत माँगी है।

हमारी कार्यसंस्कृति में लेटलतीफी और टालमटोली इतनी घुल गयी है कोई भी काम समय पर पूरा हो जाना एक खबर बन जाता है। ऐसे में अगर कहीं से सुधार का एक छोटा सा प्रयास हुआ है तो उसका स्वागत किया जाना चाहिये। इनकम टैक्स विभाग धन्यवाद का पात्र है कम से कम उसने तारीख न बढ़ा कर एक कड़ा संदेश देने की शुरुआत तो की। लोगों को समझना चाहिये कि हर काम की एक डेडलाइन होती है, एक आखिरी तारीख होती है।

मगर भारतीय कार्यसंस्कृति की स्थिति चिंताजनक है और उससे ज्यादा चिन्तनीय यह तथ्य है कि हम इस लेटलतीफी की आदत सुधारने के प्रति बिल्कुल लापरवाह हैं। हमेशा देखता हूँ कि किसी रेलवे स्टेशन पर समय से छूटने वाली ट्रेन को पकड़ने के लिए भी बहुत से लोग दौड़ते नजर आते हैं। जब हमें जब कोई ससम्मान बुलाता है तो हम बिल्कुल ठीक समय पर जाना अपना अपमान समझते हैं और जानबूझकर देर से जाते हैं। अगर मेजबान देरी का कारण पूछे तू दाँत निपोर कर कर ट्रैफिक में फँसने का झूठा बहाना बना देते हैं। स्टेशन पर खड़े होकर जब हम ट्रेन के इंतजार से बोर हो रहे होते हैं तो रेलवे को जी भर के कोसते हैं कि देश में समय की कोई पाबंदी नहीं। किसी कार्यक्रम में अगर आप समय पर पहुंच जाएं तो बहुत संभव है कि खाली कुर्सियाँ आपका इंतजार करते मिलें। अगर श्रोतागण काफी तादाद में पहुंच भी जायें तो कार्यक्रम शुरू नहीं होता क्योंकि मुख्य अतिथि बहुत इत्मीनान से आता है। और अधिकांश लोगों को यह सहज स्वीकार है कि वीआईपी है इसलिए उसका देर से आना बिल्कुल जायज है। अपने या दूसरों के समय की कोई कीमत हमारी संस्कृति ने विकसित नहीं की। अगर खुद मुलाजिम हैं तो हम अपने ऑफिस में देर से जाते हैं और ऑफिस बंद होने के समय से पहले उठ जाते हैं। बीच में चाय-पानी और लंच के समय का तो कोई ठिकाना ही नहीं। आधे घंटे का लंच ब्रेक एक घंटे तक करने में हमें कोई शर्म नहीं। चाहे दीवार पर हो या हाथ में, घड़ी भारतीय संस्कृति में सिर्फ सजावट की वस्तु बन कर रह यी है। दूसरों से समय की पाबन्दी की उम्मीद रखने वाला भी कभी दूसरे के समय का ध्यान नहीं रखता। और तो और इस लेटलतीफी पर ना तो हमें कभी कोई अफसोस होता है और न ही यह एहसास होता है कि अन्य समाजों की तुलना में हम समय के प्रति कितने लापरवाह हैं। हैरानी की बात यह है कि हमने अपनी लेटलतीफी की आदत को ÷इंडियन टाइम÷ का भद्दा मुखौटा पहना दिया है। मेरे विदेश स्थित कई मित्र बताते हैं कि किसी कार्यक्रम में साथ चलने की बात हो तो आपस में तय किया जाता है कि इंडियन टाइम पर पहुँचना है या एक्ुअल टाइम पर। लिहाजा इंडियन टाइम एक मखौल भरा जुमला बनकर हमारी कार्यसंस्कृति का प्रतिबिंब बन चुका है।

रेस्टोरेंट में अगर वेटर खाना लाने में देर कर दे या सुबह का अखबार देर से आये या कचहरी का बाबू आपकी खसरे की नकल देने में तारीख पर तारीख देता रहे तो आपको बहुत परेशानी होती है और आप देश, प्रजातंत्र, कानून और सिस्टम को कोसने लगते हैं लेकिन यह हम कभी नहीं सोचते कि हमारे लापरवाही और टालमटोली के व्यवहार से दूसरों को क्या तकलीफ हो सकती है। शायद लोग भूल चुके होंगे कि पैन नम्बर को आधार से जोड़ने का अभियान 4-5 साल से जारी है। न जाने कितनी बार तारीखें बढ़ाई जा चुकी हैं। आखिर 30 जून 2022 को सरकार ने सामान्य प्रक्रिया बन्द कर के जुर्माने समेत आखिरी तारीख 31 मार्च 2023 कर दी है। मालूम नहीं कि तब तक भी हर भारतीय ये काम कर पायेगा या नहीं। बहरहाल वापस इनकम टैक्स रिटर्न की बात करें तो लोगों के पास बहुत सारे बहाने हैं। जिनमें एक यह है इनकम टैक्स का सिस्टम काम ठीक से नहीं करता दूसरा यह कि बैंकों से स्टेटमेंट समय पर नहीं मिल रहा है तीसरा यह कि हर साल एक नया फार्म आ जाता है।

# नीतीश जैसा कोई और नहीं

वेदप्रताप वैदिक

आज की भारतीय राजनीति का सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधित्व यदि कोई कर सकता है तो वह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीशकुमार ही हैं। आज की राजनीति क्या है? वह क्या किसी विचारधारा या सिद्धांत या नीति पर चल रही है? डॉ. राममनोहर लोहिया और जयप्रकाश नारायण के बाद भारत में जो राजनीति चल रही है, उसमें सिर्फ सत्ता और पत्ता का खेल ही सबसे बड़ा निर्णायक तत्व है। क्या आज देश में एक भी नेता या पार्टी ऐसी है, जो यह दावा कर सके कि उसने अपने विरोधियों से हाथ नहीं मिलाया है? सत्ता का सुख भोगने के लिए सभी पार्टियों ने अपने सिद्धांत, विचारधारा और नीति को दरी के नीचे सरका दिया है। नीतीशकुमार पर यह आरोप लगाया जा रहा है कि वे जिन नेताओं और पार्टियों की भद्द पीटा करते थे, उन्हीं के साथ वे अब गलबहियां डाले हुए हैं। ऐसा वे पहली बार नहीं, कई बार कर चुके हैं। इसीलिए उन्हें कोई पल्टूराम और कोई बहुरूपिया भी कह रहे हैं। लेकिन इन लोगों को मैं संस्कृत की एक पंक्ति बताता हूं। 'क्षणे-क्षणे यन्नावतामुपैति तदेव रूपं रमणीयतायाः' याने जो रूप हर क्षण बदलता रहता है, वही रमणीय होता है। इसीलिए नीतीशकुमार हमारे सारे नेताओं में सबसे विलक्षण और सर्वप्रिय हैं। यदि ऐसा नहीं होता तो क्या वे आठवीं बार मुख्यमंत्री बन सकते थे? क्या आप देश में नीतीश के अलावा किसी ऐसा नेता को जानते हैं, जो आठ बार मुख्यमंत्री बना हो? लालू और नीतीश 4-5 दशक से बिहार की राजनीति के सिरमौर हैं लेकिन आज भी वह देश का सबसे पिछड़ा हुआ प्रांत है। फिर भी भाजपा से कोई पूछे कि नीतीश से डेढ़-दो गुना सीटें जीतने के बाद भी उसने उन्हें मुख्यमंत्री का पद क्यों लेने दिया? गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को पटना में दरकिनार करनेवाले नीतीश को आपने मुख्यमंत्री क्यों मान लिया? नीतीश के अप्रिय आर सी पी सिंह को केंद्रीय मंत्री बनाना और उसको नीतीश से तोड़ना क्या ठीक था? इसके पहले कि भाजपा नीतीश को गिरा देती, नीतीश ने भाजपा के नेहले पर दहला मार दिया। नीतीश और भाजपा की यह टूट हर दृष्टि से बेहतर है। नीतीश जातीय जनगणना कराने पर उतारु हैं और भाजपा उसकी विरोधी है। इस समय नीतीश की सरकार के साथ पहले से भी ज्यादा विधायक हैं। भाजपा के अलावा बिहार की लगभग सभी पार्टियों का समर्थन उसको प्राप्त है। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि अगले विधानसभा चुनाव में इस नए गठबंधन को बहुमत मिल ही जाएगा। नीतीश फिर से मुख्यमंत्री बन पाएंगे।

# कलेक्टर एवं सूबेदार के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर पत्रकारों ने ज्ञापन दिया



**अंबाह।** अंबाह के पत्रकारों द्वारा सामूहिक रूप से एकत्रित होकर आज मुरैना में मतगणना वाले दिवस पत्रकारों से की गई बदसलूकी के विरोध में एवं दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर एक ज्ञापन तहसीलदार राजकुमार नागोरिया को प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि 5 अगस्त को मुरैना नगर निगम में सभापति चुनाव के दौरान मुरैना के पत्रकारों के साथ लाइन सूबेदार मलखान सिंह द्वारा जिले के आला अधिकारियों के संरक्षण में अभद्र व्यवहार किया गया। इस घटना से जिले के समूचे पत्रकार आहत हैं। इस घटना को लेकर पत्रकार साथी लगातार आंदोलन कर रहे हैं। हमारी मांग है कि पत्रकारों के साथ अभद्रता करने वाले लाइन सूबेदार मलखान सिंह के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जाए एवं 5 अगस्त को नगर निगम सभापति के चुनाव के दौरान जिला कलेक्टर बी कार्तिकेयन द्वारा मीडिया का प्रवेश रोकने पर उनके विरुद्ध भी मुख्यमंत्री से कार्यवाही की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि 5 अगस्त को सभापति चुनाव के दौरान एक तरफ जहाँ कलेक्टर ने पत्रकारों का प्रवेश वर्जित कर दिया था तो दूसरी तरफ शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे पत्रकारों के साथ लाइन सूबेदार मलखान सिंह द्वारा धक्का-मुक्की कर अभद्रता की गई, जिसके बाद पत्रकारों ने अपना विरोध जताना आरंभ कर दिया हे और यह निरंतर जारी है। ज्ञापन के माध्यम से हमारी मांग है कि पत्रकारों के साथ अभद्रता करने वाले सूबेदार के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्यवाही की जाए एवं जनता के प्रति गैर जिम्मेदाराना व्यवहार करने वाले जिला कलेक्टर बी कार्तिकेयन को तत्काल हटाया जाए। ज्ञापन देने वालो में राजवीर शर्मा, हरेंद्र तोमर, अजय जैन, महेंद्र सिंह, आकाश शुक्ला, मलखान सिंह तोमर, जगपाल सिंह तोमर, सत्यपाल सिंह तोमर, आशीष शर्मा, मलखान सिंह परमार, मोती सिंह तोमर सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## अंडर ब्रिज की मांग को लेकर जारी भूख हड़ताल में स्थानीय विधायक ने मांगे पूरी करने का दिया आश्वासन

### - नागरिकों ने तहसील तक तिरंगा यात्रा निकालकर मंत्री गणों के नाम तहसीलदार को ज्ञापन दिए




**कैलारस।** नगर के अंतर्गत ब्रॉडगेज के निर्माण कार्य आधी नगर कैलारस की आबादी की अस्पताल जाने की रास्ता बंद हो रही है। इसके विरोध में गत 8 दिनों से भूख हड़ताल जारी है। भूख हड़ताल के पंडाल में स्थानीय विधायक सूबेदार सिंह सिकरवार ने आकर आंदोलनकारियों से मुलाकात की। उन्होंने समस्या के निराकरण का आश्वासन भी दिया है। 10 अगस्त को बड़ी संख्या में महिला पुरुषों ने अस्पताल से लेकर तहसील कार्यालय तक तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा के बाद केन्द्रीय रेल मंत्री, कृषि मंत्री, नागरिक उड्डयन मंत्री के नाम तथा कलेक्टर मुरैना के लिए तहसीलदार कैलारस को ज्ञापन दिया गया। इस कार्रवाई का नेतृत्व सर्वदलीय नेतागण अशोक तिवारी, नंदलाल खरे, ओमप्रकाश श्रीवास, डॉ दशरथ कुशवाह, सुमेर सिंह शाक्य, हरि सिंह शाक्य, के0एस0 टेगर नवाब सिंह गोहिल, इलियास खान, नसरुद्दीन शाह, विनोद शाक्य, रामबाबू शाक्य, रतिराम जाटव, श्रीमती सलमा खान, श्रीमती कुंती जाटव, श्रीमती गुड्डी जाटव, श्रीमती मीना जाटव आदि ने किया। भूख हड़ताल आंदोलन पर नेता गणों ने कहा कि रक्षाबंधन के दिन भी भूख हड़ताल और आंदोलन की कार्रवाई जारी रहेगा।



## हाथों में तिरंगा थामकर संत श्री माखन दास जी महाराज ने दिया

**अंबाह।** अंचल के प्रसिद्ध संत माखन दास जी महाराज ने सिद्ध स्थल किसरोली धाम में आयोजित तिरंगा यात्रा में भाग लेकर अंचल वासियों को देश के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। उन्होंने नागरिकों से स्वतंत्रता दिवस समारोह पर गर्व करने का आग्रह किया और कहा कि यह हमारी स्वतंत्रता का 75 वां वर्ष है और हमारे देश के इतिहास में एक प्रमुख मील का पत्थर है संत श्री ने हर घर तिरंगा (हर घर पर राष्ट्रीय ध्वज) अभियान में भाग लेने का सभी से आग्रह किया और कहा कि सभी नागरिकों को 12 से 15 अगस्त के बीच अपने घरों में तिरंगा फहराना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं आपसे यह भी अपील करता हूं कि तीन दिनों तक हर घर में राष्ट्रीय ध्वज फहराएं। भारत हमारा देश है, और हम सभी को इस महत्वपूर्ण अवसर के उत्सव में भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर शिक्षक नीलेश शर्मा ने संत श्री का वैदिक परंपरा के अनुसार स्वागत किया गांव में चिलचिलाती धूप में आयोजित तिरंगा यात्रा में संत श्री माखन दास जी महाराज तिरंगा को हाथ में थाम कर चले जिसे देखकर ग्रामीणों ने भारत माता की जय और भारत जिंदाबाद के नारे लगाए।

## टीएसएस स्कूल के बच्चों ने बताया राखी का महत्व, बनाई राखियां

**मुरैना।** राखी का त्यौहार रक्षाबंधन के अवसर पर टीएसएस स्कूल में बच्चों द्वारा एक से एक बेहतरीन राखी बनाई गई। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने पूरे जोश एवं उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर बच्चों ने कहा कि राखी का गहरा महत्व है और इसे पौराणिक काल से अपने हाथ पर बांधने वाले व्यक्ति की सुरक्षा के लिए इस्तेमाल किया जाता रहा है। टीएसएस इंटरनेशनल स्कूल के प्री प्राइमरी विंग के छात्र राखी बनाने की गतिविधि में लगे रहे।

## नगर परिषद कैलारस में नवनिर्वाचित अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं पार्षदों ने ली शपथ



**कैलारस।** हाल ही में नगर परिषद कैलारस में चुने गए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदों ने बुधवार को शपथ ग्रहण की। शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों की संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक एकत्रित हुए नगर परिषद कैलारस की नवनिर्वाचित अध्यक्ष अंजना बृजेश बंसल ने अपनी ईमानदारी एवं निष्ठा से कार्य करने की शपथ ली और कहा है कि नगर परिषद क्षेत्र कैलारस में मेरे रहते किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आने पाएगी एवं लोगों की समस्याओं के लिए मैं हमेशा तत्पर रहूंगी। इसी दौरान नगर परिषद उपाध्यक्ष सीमा अशोक राणावत ने भी अपनी निष्ठा और ईमानदारी से पद का निर्वहन करने की शपथ ली। नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 2 से पार्षद वीरेंद्र सोलंकी ने शपथ लेने से पूर्व कहा कि मैं शपथ लेता हूं एवं शपथ के बाद कैलारस नगर परिषद में गलत तरीके से हुई भर्तियों की जांच कराएंगे, गलत तरीके से कराए गए निर्माणों की जांच करवाएंगे, सभी शाखाओं के हिसाब किताब देखेंगे एवं कैलारस एमएस रोड पर लग रहे प्रतिदिन जाम के हालातों को सुधारने के लिए अस्थाई अतिक्रमण को भी हटाया जाएगा। इसी प्रकार सभी पार्षदों ने शपथ ग्रहण में अपनी-अपनी बात रखी। शपथ ग्रहण में मुख्य अतिथि के रूप में जौरा विधायक सूबेदार सिंह रजौधा, तहसीलदार, सियाराम सिंह सिकरवार, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता बृजेश बंसल, मातादीन सर्राफ, पूरन शिवहरे, विनय राणावत, मोहित शुक्ला, शम्मा कुरैशी, दरोगा खान, शहर के गणमान्य नागरिक एवं नगर परिषद का समस्त स्टाफ उपस्थित था।

## त्यौहार के मौके पर खाद्य विभाग ने की सैंपल भरने की कार्यवाही



**मुरैना।** राखी के त्यौहार पर मिलावटी वस्तुओं की बिक्री रोकने के लिए खाद्य विभाग ने मंगलवार को दो मिष्ठान भंडार और दूध टैंकर पर छापामार कार्रवाई की है। दोनों जगहों से टीम ने एक सेंपल दूध का और तीन मिठाइयों के भरे हैं। इन सैम्पलों को जांच के लिए भेजा गया है, जांच में सेंपल फेल होने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। खाद्य विभाग के धर्मेंद्र जैन ने बताया कि उनकी टीम ने बेनीराम स्वीट्स पर छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान टीम ने बूंदी के लड्डू का सेंपल भरा है, इसी प्रकार दीपक हलवाई सदर बाजार से मलाई की बर्फी एवं सोनपापड़ी का सेंपल भरा है। यहां पर खाद्य विभाग की टीम ने 90 किलो सोन पपड़ी एवं 105 किलो मलाई बर्फी को जप्त भी किया है। दूसरी ओर टीम ने कार्रवाई करते हुए अजीत सिंह राजपूत डोंगरपुर लोधा की डेयरी का दूध का सैंपल भी लिया। खाद्य विभाग टीम की छापामार कार्रवाई की खबर पर कई दुकानदार दुकान बंद कर चले गए। फूड इंस्पेक्टर धर्मेंद्र जैन ने बताया कि भरे गए सेंपल को जांच के लिए भेजा गया है। जांच में सेंपल फेल होने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## महंगाई राहत संबंधी मांगों को लेकर पेंशनर्स एसोसिएशन ने निकाली रैली



**मुरैना।** मध्य प्रदेश पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा महंगाई राहत संबंधी मांगों को लेकर आज शहर में रैली निकाली गई। मध्य प्रदेश पेंशनर्स एसोसिएशन शाखा मुरैना के जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर देवेंद्र तोमर ने बताया कि मध्य प्रदेश पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा आज अपनी महंगाई राहत दिए जाने संबंधी मांगों को लेकर शहर के मुख्य मार्ग पर रैली आयोजित की गई तथा आक्रोश पूर्ण तरीके से शासन को एक बार फिर स्मरण कराया गया। तयशुदा रणनीति के अनुसार दोपहर 11 बजे जिले भर के पेंशनर्स एमएस रोड स्थित नेहरू पार्क पर एक इकट्ठे हुए जहां से एक रैली की शक्ल में शहर के झंडा चौक तक गए। रैली में सभी पेंशनर्स अपनी मांगों के से संबंधित नारे लगाते रहे और शासन तथा समुदाय का ध्यान आकर्षित करते रहे। झंडा चौक पर पहुंच कर रैली को सभा में परिवर्तित कर दिया गया, जहां मध्य प्रदेश पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष बी एल टुंडेले ने सभा को संबोधित किया, साथ ही सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बीएल टुंडेले ने कहा कि जिस प्रकार हम सब लोग आज एकत्रित होकर रैली के माध्यम से अपना आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं। ठीक इसी प्रकार 14 अगस्त को दोपहर 2 बजे गांधी बाल निकेतन में एकत्रित होकर धरना आयोजित करेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी के प्रति आभार धन्यवाद व्यक्त करते हुए मीडिया प्रभारी डॉ देवेंद्र तोमर ने कहा कि आप सभी इस सहयोग के लिए धन्यवाद के पात्र हैं हमारी यही एकता हमें सफलता दिलाएगी और हमारी मांगे पूरी होने तक हमारा यह संघर्ष इसी एकजुटता के साथ जारी रहेगा।

## सरस्वती शिशु मंदिर के छात्रों ने निकाली तिरंगा यात्रा



मुरैना। सरस्वती शिशु मंदिर शिक्षा नगर मुरैना के छात्र व छात्राओं के द्वारा नगर में तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें संस्था के लगभग 500 छात्रों ने भाग लिया। संस्था के आचार्य संजय दीक्षित ने बताया कि पूरा देश स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव मना रहा है और 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सरस्वती शिशु मंदिर शिक्षा नगर मुरैना द्वारा विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें देशभक्ति गीतों के साथ भारत माता और वंदे मातरम उद्घोष के साथ भैया बहन अनुशासन में शामिल रहे। इस रैली में संस्था अध्यक्ष गोपाल सिंह परमार, प्रांत प्रतिनिधि राधेश्याम गुप्ता, संस्था के प्राचार्य राजेश गोस्वामी एवं संस्था के आचार्य राघवेंद्र तोमर, संजय दीक्षित, श्रीमती अंजू शर्मा, संदीप तोमर, विनोद कुशवाह, भगवती प्रसाद, द्वारिका प्रसाद, अर्चना परमार, मधु विहार आदि उपस्थित रहे। तिरंगा यात्रा विद्यालय में पहुंचने पर राष्ट्रगान का गायन किया गया।

## हेपेटाइटिस के लक्षण होने पर जिला चिकित्सालय में निःशुल्क जांच एवं उपचार लें: सीएमएचओ

### हेपेटाइटिस से बचाव और उपचार की सलाह

**मुरैना।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश शर्मा ने कहा है कि हेपेटाइटिस के लक्षण होने पर जिला चिकित्सालय में निःशुल्क जांच एवं उपचार लें। हेपेटाइटिस लीवर से जुड़ी बीमारी जो वायरल इंफेक्शन के कारण होती है। इस बीमारी में लीवर में सूजन आ जाती है, हेपेटाइटिस में पांच प्रकार के वायरस होते है जिसमें हेपेटाइटिस ए.बी.सी.डी और ई इन पांचों वायरस को गंभीरता से लेना चाहिये। उन्होंने बताया कि आस-पास साफ-सफाई और हाइजिन प्रोटोकाल का पालन करके इस बीमारी को कमतर किया जा सकता है। इसके साथ ही जन्म के बाद बच्चों को हेपेटाइटिस की वैक्सीन लगाया जाना चाहिए। क्योंकि इनके कारण हेपेटाइटिस महामारी जैसी बनती जा रही है और हर साल इसकी वजह से होने वाली मृत्यु के आंकड़े भी बढ़ते जा रहें है। हेपेटाइटिस का टाइप बी और सी लाखों लोंगो में क्रोनिक बीमारी का कारण बन रहें है, क्योंकि इनके कारण लीवर में सिरोसिस और केंसर होते है। डॉ. राकेश शर्मा ने बताया कि हेपेटाइटिस के बारे में जागरूकता पैदा करने और जन्म के बाद बच्चे को वैक्सीन देकर उसे हेपेटाइटिस से बचाया जा सकता है। हेपेटाइटिस-सी, एचसीव्ही के कारण होता है और जैसे प्रदूषित खाना, प्रदूषित पानी के कारण भी होता है। हेपेटाइटिस के लक्षण पीलिया, बहुत अधिक थकान, पेट में दर्द, सूजन, खुजली, भूख न लगना, अचानक से वजन कम होना आदि लक्षण होने पर हेपेटाइटिस बी और सी की रोकथाम के संक्रमण को रोकने के लिये सभी शासकीय संस्थाओं पर डॉक्टर से संपर्क करना चाहिये। हेपेटाइटिस के लक्षण होने पर जिला चिकित्सालय में निःशुल्क जांच एवं उपचार लें, जिससे इस बीमारी से बचा जा सकता है।

## बिजली कानून 2022 का किसानों ने किया विरोध

### बिजली के निजीकरण के लिए लाए गए कानून को वापस लेने की मांग की



**कैलारस।** बिजली का निजीकरण करने के लिए बिजली कानून 2022 संसद में पेश किया गया है, जिसका पुरजोर विरोध मध्य प्रदेश किसान सभा के नेतृत्व में किसानों ने प्रदर्शन कर किया है और सरकार से मांग की है कि बिजली कानून 2022 वापस लिया जाए। इससे बिजली का निजीकरण होगा और किसानों को खेती के लिए सिंचाई हेतु पंम्प कनेक्शनों पर मिलने वाली सब्सिडी पूरी तरह बंद हो जाएगी। जिसके कारण खेती में लागत कई गुना बढ़ेगी। किसानों को बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा।

किसान सभा का कहना है कि किसानों ने दिल्ली में होने वाले किसान आंदोलन में भी इसका पुरजोर विरोध किया था। लेकिन सरकार ने उस समय कानून को पेश करने के बजाए अब, किसानों को गफलत में रखते हुए बिजली कानून 2022 संसद के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। यह बिजली कानून आम जनता और किसानों के विरोध में है तथा कंपनियों के पक्ष में है। इस विरोध कार्यवाही में किसानों की ओर से किसान नेता गयाराम सिंह धाकड़, सरमन लाल धाकड तहसील महासचिव, म0 प्र0 किसान सभा, कन्हैया लाल धाकड, सियाराम बस्तोली, रतीराम धाकड सरपंच निरारा पंचायत, रामकुमार श्रीवास पूर्व जनपद सदस्य, नरसिंह धाकड उप सरपंच बस्तोली, मातादीन रजक, रवी धाकड, प्रहलाद सिंह आदि ने भाग लिया। किसान नेताओं ने कहा है कि यदि बिजली कानून वापस नहीं लिया गया तो आन्दोलन ओर तेज किया जाएगा।

# एनएसएस ने तिरंगा रैली निकालकर हर घर तिरंगा फहराने का दिया संदेश



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** शास्त्री चौराहे से परेड चौराहे तक विशाल मानव श्रृंखला बनाकर एकता अखंडता का संदेश दिया। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान के तहत उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1, भिण्ड की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शहर में विशाल तिरंगा जन जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमे एनएसएस के साथ एनसीसी तथा उत्कृष्ट विद्यालय एवं सीएम राइज विद्यालय के अन्य छात्र शामिल हुए।

सबसे पहले एनएसएस वालंटियर्स नक्षत्र वाटिका में एकत्रित हुए और वाटिका में कतारबद्ध होकर चारों तरफ तिरंगा झंडे फहराए और पर्यावरण की दृष्टि से शहर की सबसे खूबसूरत वाटिका को और अधिक समृद्ध और सुंदर बनाने का संकल्प लिया।इस दौरान समाजसेवी चिकत्सक डॉ शैलेंद्र परिहार,नवजीवन संगठन प्रमुख श्रीमती नीतेश जैन,समाजसेवी सुनील दुबे, पिंकू शर्मा,सुनील कौशल योगा सहित रासेयो कार्यक्रम अधिकारी धीरज सिंह गुर्जर और स्वयंसेवक मौजूद थे। मुख्य रैली उत्कृष्ट विद्यालय से प्रारंभ होकर लश्कर रोड जिला चिकित्सालय, खंडा रोड, परेड चौराहा और अग्रसेन चौराहे से वापिस शास्त्री चौराहे होकर विद्यालय पर आकर समाप्त हुई। रैली को हरी झंडी प्राचार्य पी एस चौहान और डॉ शैलेंद्र परिहार ने दिखाई। रैली में 13से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा लगाने का संदेश लोगों को दिया गया। रैली में छात्र वंदे मातरम और भारत माता की जयकारे के गगनभेदी नारे लगाते हुए तिरंगा लहरा रहे थे।

इस अवसर पर प्राचार्य पी एस चौहान ने हर घर अभियान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तिरंगा हमारे स्वाभिमान और एकता का प्रतीक है,हम अपने घरों पर 13 से 15 अगस्त तक तिरंगा जरूर लगाएं।। डॉ परिहार ने आजादी के इतिहास पर बोलते हुए कहा लंबी लड़ाई और अनगिनत शहादतों के बाद हमे आजादी मिली है,इसकी रक्षा के लिए हमे सदैव तत्पर रहना चाहिए। एनएसएस अधिकारी धीरज गुर्जर ने कहा तिरंगा हमारी आन-बान-शान का प्रतीक है,इसका केसरिया रंग शौर्य,साहस और त्याग का संदेश देता है,मध्य में श्वेत रंग शांति और शक्ति का प्रतीक है , नीचे की ओर हरा रंग प्राकृतिक उर्वरता और देश की समृद्धि और विकास का प्रतीक है।

# शिवपुरी के पांच हजार स्कूली बच्चों ने सामूहिक रूप से राष्ट्र को किया सलाम

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** भारत की आजादी के 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम व तिरंगा यात्रा के माध्यम से राष्ट्र को नमन किया। आज बुधवार को पोलोग्राउंड पर एक अद्भुत नजारा देखा गया। छात्र-छात्राओं द्वारा हाथ में तिरंगा लेकर मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया। इसके साथ ही जिला प्रशासन के अधिकारियों और संचालकों की उपस्थिति में करीब 5000 स्कूली छात्र छात्राओं ने सामूहिक रूप से पूरे उत्साह व ऊर्जा के साथ गगनभेदी नारे लगाकर राष्ट्रभक्ति को गुंजायमान किया। कार्यक्रम में उपस्थित कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए 13 से 15 अगस्त तक हर घर में तिरंगा झंडा लगाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारी शान है हम सबको इसका सम्मान करते हुए अपने घर पर तिरंगा झंडा लगाना है। पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल एवं जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, जिला शिक्षा अधिकारी संजय श्रीवास्तव बीआरसी अंगद तोमर सहित अन्य अधिकारी, स्कूल का स्टाफ और बड़ी संख्या में स्कूली छात्र छात्राओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम में शासकीय व अशासकीय स्कूलों के छात्रों और स्टाफ की सहभागिता रही।



# छत्रसाल महाविद्यालय ने निकाली हर-घर तिरंगा जागरूकता रैली




**राकेश परिहार पुष्पांजली टुडे**

**पिछोर,** शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पिछोर जिला शिवपुरी में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसएस गौतम के मार्गदर्शन में महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत भारत सरकार के हर घर तिरंगा अभियान हेतु जागरूकता रैली का आयोजन आज दिनांक 8 अगस्त 2022 को महाविद्यालय परिसर से बस स्टैंड तक तिरंगा रैली निकालकर किया गया 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराया इस प्रकार के नारे लगाकर छात्र छात्राओं ने लोगों को जागरूक किया एवं 13 से 15 अगस्त तक अपने अपने घरों पर झंडा फहराने का संकल्प लिया साथ ही महाविद्यालय में इसी कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया तिरंगा रैली में महाविद्यालय की अनेक छात्र छात्राएं एवं महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा इस अवसर पर वरिष्ठ प्रधानाध्यापक डॉक्टर केशव सिंह जाटव अक्षय कुमार जैन एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी डॉ कमल किशोर यादव सह प्रभारी प्रोफेसर नरसिंह भिड़े डॉ अरविंद सिंह यादव डॉक्टर शैलेंद्र पाठक डॉक्टर करण सिंह जाटव डॉ अंजू सी हारे प्रोफेसर जगदीश आर्य प्रोफेसर सतीश माहोर डॉक्टर भावना भटनागर डॉक्टर बबीता बाथम श्रीमती दीक्षा ताम्रकार डॉक्टर गिरीश नीखरा राजेंद्र हिमोरिया शिवतीर्थ चतुर्वेदी डॉक्टर बाबूलाल कुहमारे कविता पाराशर एवं एनएसएस के दल नायक दीपक पाल का अमूल योगदान रहा

# अभाविप ने 8 सूत्री मांगों को लेकर प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन




**सुनील कुमार अहिरवार**

**टीकमगढ़ जतारा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के शासकीय महाविद्यालय जतारा में 8 सूत्री मांगों को लेकर महाविद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा है। जानकारी देते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर मंत्री पीयूष साहू ने बताया कि विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही छात्र-छात्राओं की आवाज उठाता आ रहा है इसी क्रम में जतारा महाविद्यालय छात्र छात्राओं के द्वारा विद्यार्थी परिषद के समक्ष 8 प्रमुख मांगे रखी थी जिन को लेकर विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं के द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया है और चेतावनी दी है कि यदि हमारी मांगे के सात दिवस के अंदर पूर्ण नहीं होती हैं तो एबीवीपी उग्र आंदोलन करने के लिए होगी जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी ज्ञापन सौंपने वालों में विद्यार्थी परिषद के भाग संयोजक कपिल प्रजापति, नगर सह मंत्री ओम शर्मा, गोविंद सिसोदिया रोहित विश्वकर्मा, कॉलेज इकाई अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ठाकुर सहित विद्यार्थी परिषद की कई कार्यकर्ता और महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# शहीद भगत सिंह युवा मंडल द्वारा किया गया वृक्षारोपण।




**विवेक सेन पुष्पांजली टुडे**

**इंदरगढ़।** नेहरू युवा केंद्र दतिया के जिला युवा अधिकारी कपिल सैनी के दिशा निर्देश अनुसार स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत शहीद भगत सिंह युवा मंडल इंदरगढ़ ने शासकीय महाविद्यालय , समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और मिडिल स्कूल इंदरगढ़ में किया पौधारोपण । वहीं समाजसेवी लाला गुर्जर सेरसा ने कहां हमें अपने जीवन में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी सेवा अपने परिवार के सदस्य की तरह करनी चाहिए जिससे पौधा बड़ा होकर हमें ऑक्सीजन और अपनी छाया प्रदान करें साथ साथ वातावरण को भी स्वच्छ रखें । साथ ही युवाओं के द्वारा लगाए गए 40 पौधों के संरक्षण की सभी युवाओं ने ली शपथ और पौधों का नामकरण किया। इस अवसर पर दीपक गुर्जर , नितेश बाकला, समीर , आशिक, पंकज, गौरव, बंटी, आकाश , आदि उपस्थित रहे

# बुजुर्गों के आशीर्वाद से ही समाज की उन्नति सम्भव-नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा







**पुष्पांजली टुडे**

**भोपाल/विदिशा।** नव निर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रीति राकेश शर्मा अपना कार्यकाल शुरू करने से पूर्व पुराना जिला चिकित्सालय विदिशा स्थित हरि वृद्ध आश्रम पहुंचीं। वहां उन्होंने सर्वप्रथम बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर उन्हें अपने हाथों से भोजन परोसा।उन्होंने सभी बुजुर्गों से आत्मीय संवाद किये और उनकी आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली। बुजर्गों के यह कहने पर कि बेटा हमें कुछ नहीं चाहिए। बस तुम आती रहना। ये सुनकर वह अत्यंत भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि आप सभी बुजुर्ग हमारे समाज की अनमोल धरोहर हैं। आपके पास विरासत के कई अनुभव और गुणों की खान मिलती हैं। नगर में समाज से उपेक्षित ओर वंचित बुजुर्गों के लिए हर सम्भव सेवा के लिए प्रयास किये जाएंगे। नगर में बुजुर्गों का अपमान कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इस अवसर पर वृद्ध आश्रम की अध्यक्ष श्रीमति इंदिरा शर्मा ने कहा कि वरिष्ठ समाजसेवी प्रीति राकेश शर्मा का परिवार अनेक वर्षों से वृद्ध आश्रम के बुजुगों की सेवा करता आ रहा है। आपके परिवार ने बुजुर्गों की ज़रूरतों को पूरा करने की हर सम्भव मदद की है। उन्होंने नव निर्वाचित अध्यक्ष श्रीमति प्रीति राकेश शर्मा को स्मृति चिह्न और सम्मान पत्र देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर ,नगर के वार्ड 27 की युवा पार्षद आयुषी अग्रवाल ने अपना जन्म दिन नगर पालिका अध्यक्ष की उपस्थिति में बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर मनाया।उन्होंने भी बुजुर्गों को भोजन करा कर अपने जन्म दिन को सार्थक बनाया। नपा अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शर्मा ने आयुषी का पुष्पमाला से अभिनंदन किया।

आभार व्यक्त करते हुए आश्रम संचालक वेद प्रकाश शर्मा ने कहा कि आयुषी अग्रवाल पिछले अनेक वर्षों से आश्रम आ रही हैं। वह दीपावली पर आश्रम के बाहर अपने हाथों से रंगोली सजा कर त्योहार में हिस्सा लेती हैं। कार्यक्रम में आयुषी के पिता श्री संजय अग्रवाल, भाई अंकित अग्रवाल, पार्षद अशोक जाट सहित अनेक गणमान्य नागरिक, नगर पालिका अध्यक्ष के सुपुत्र, रुद्र शर्मा, सदी शर्मा भी उपस्थित रहे।

# गांव गरीब किसान मजदूर का विकास हमारी प्राथमिकता है: भदोरिया





**संतोष सिंह भदौरिया पुष्पांजली टुडे**

**भिंड /गोरमी** सर्कल के ग्राम कुटरौली ग्राम पंचायत में सुरेश सिंह भदौरिया के आवास पर स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्षा कामना सुनील सिंह भदोरिया के ससुर एबम जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष के पी सिंह भदोरिया एबम विशेष अतिथि के रूप में किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह गुर्जर जिला पंचायत के सदस्य नरोत्तम पटेल मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक बरिष्ठ नेता श्रीकृष्ण कटारे सरपंच जय सिंह गुर्जर आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में कार्यक्रम के आयोजक समाजसेवी सुरेश सिंह भदौरिया एवं सरपंच जय सिंह गुर्जर ने उपस्थित अतिथियों का पगड़ी बांधकर एवं बर्फी से तौल कर जोरदार स्वागत किया गया साथ ही पूरे गांव में तिरंगा यात्रा भी निकाली गयी द्य इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष श्री के पी सिंह भदौरिया ने कहा नैना विधानसभा में पहली बात जिला पंचायत अध्यक्ष बना है इसलिए अब मेरा दायित्व है यह मेहगांव विधानसभा का प्रत्येक गांव विकास की मुख्यधारा से जुड़े अब मेरे जीवन का एक ही गांव एवं गरीब का विकास एवं केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा गरीबों को कैसे मिले इसकी मैं पूरी कोशिश करूंगा इस अवसर पर विशेष अतिथि के रुप में उपस्थित किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा भारतीय जनता पार्टी सरकार ने गांव गरीब किसान मजदूर समाज के हर तबके के लिए महत्वाकांक्षी योजनाएं बनाई हैं अब हमें उन योजनाओं को सुचारु रुप से लागू करना है आज हमारा सौभाग्य है कि ग्राम पंचायत से लेकर केंद्र तक हमारी सरकार है इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने स्वागत भाषण में कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हमारे मंडल से ज्यादातर सरपंच दोनों जिला पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत अध्यक्ष बना है इसलिए इस बार विकास की अपार संभावनाएं हैं हमें गांव गरीब किसान को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है जिससे मिशन 2023 के लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया जा सके इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक समाजसेवी सुरेश सिंह भदोरिया श्री कृष्ण कटारे एवं ग्राम पंचायत के सरपंच जय सिंह गुर्जर ने ने अपने विचार रखे एवं उपस्थित गांव वासियों को विश्वास दिलाया कि इस बार आपकी ग्राम पंचायत को एक आदर्श ग्राम पंचायत बनाने की पूरी कोशिश होगी और सभी मतदाताओं को धन्यवाद भी दिया कार्यक्रम का संचालन जयवीर पुरोहित ने किया एवं अंत में आभार प्रगट भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी संतोष भदोरिया ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के मंडल महामंत्री निर्मल आर्य चेतन सिंह भदौरिया रोहित करैया रामवीर भदोरिया अरविंद जैन रामवीर गुर्जर,लोकेन्द्र सिंह, सोनू भदौरिया उत्तम शुक्ला वकील भदौरिया, जनक तोमर,बिंद्रावन बघेल, स्नेही बघेल,वकील सिंह,लाखन गुर्जर कैलाश गुर्जर, वीर जाटव,रामधन जाटव, पप्पू बरेठा,रामअवतार बरैठा सहित पांच सौ से ज्यादा लोग एकत्रित हुए थे

# नाबार्ड द्वारा वित्त पोषित एवं आइडियल संस्थान द्वारा संचालित खाद्य एवं मसाले बनाने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया



**रानी पाली। नरेश कुमार सिरवी**

मारवाड़ ब्लॉक के प्रखंड विकास पदाधिकारी किशन सिंह राठौड़, नाबार्ड पाली के जिला विकास प्रबंधक विनोद दाधीच एवं पाली जिले के लीड बैंक मैनेजर श्री सुधाकर दुबे के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस कार्यक्रम में राजीविका द्वारा गठित 30 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 15 दिन विभिन्न प्रकार के खाद्य सामग्री एवं मसाले बनाने हेतु प्रशिक्षण दिया जाएगा। उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी किशन सिंह राठौड़ ने महिलाओं को संबोधित करते हुए उनसे अनुग्रह किया कि वे इस प्रशिक्षण से अधिक से अधिक लाभ उठाएं एवं खुद को स्वलंभी बनाने हेतु पहल करे। कार्यक्रम के दौरान सुधाकर दुबे - लीड बैंक मेनेजर ने नाबार्ड द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम की सहारना करते हुए बताया की इस तरह के कार्यक्रम महिलाओं को आत्मिर्भर बनाने हेतु बहुत ज़रूरी है इसी के साथ उन्होंने उपस्थित महिलाओ को उद्यम हेतु वित्य लोन दिलवाने हेतु आश्वासन दिया, इसके तत्पश्चात मौजूद नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक विनोद दाधीच ने महिलाओ को संबोधित करते हुए नाबार्ड द्वारा चलाये जा रहे विभिन कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताते हुए यह भी बोला की भविष्य में महिलाओ द्वारा उत्पादों को नाबार्ड समर्थित रूरल मार्ट से भी जोड़ा जाएगा। अथितियो के उपरांत आइडियल संसथान के मुख्या कार्यकारी अधिकारी ने नाबार्ड का धन्यवाद देते हुए महिलाओ को कार्यक्रम के बारे में विस्तार्पुरक बताया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित महिलाओ को राजीविका के ब्लाक प्रोजेक्ट मेनेजर मुकेश महेश्वरी के माध्यम से प्रधानमंत्री द्वारा चलाये जा रहे अभियान ÷हर घर तिरंगा÷ के तहत तिरंगा वितरण किया गया एवं सभी से अनुरोध किया की 13 से 15 अगस्त अपने घर पे तिरंगा लहराए। इस दौरान आइडियल संसथान से महेंद्र पवार, मुख्य ट्रेनर सविता देवी एवं राजीविका से मैना देवी, पूजा इत्यादि मौजूद रही

# महेंद्र पटेल के निवास पर सुंदरकांड का संगीतमय पाठ संपन्न





**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**बालाघाटट।** मध्यप्रदेश त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हाल ही में सम्पन्न हुए हैं और परिणाम घोषित होने के बाद जिले की जनपद पंचायत लांजी अंतर्गत क्षेत्र क्रमांक 13 से महेंद्र पटेल विजयी हुए हैं। चुनाव में जीत प्राप्त करने के बाद महेंद्र पटेल ने अपने निजी निवास ग्राम देहेगांव में संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं हवन पूजन का आयोजन किया जिसमें सभी को आमंत्रित किया था। इस कार्यक्रम में सैकड़ों लोग उपस्थित रहकर संगीतमय सुंदरकांड का श्रवण किया। वहीं क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धी, खुशहाली और विकास बना रहे इसकी विनती की गई।

## अलंकार आर्केस्ट्रा के द्वारा दी गई प्रस्तुति

सुंदरकांड पाठ का संगीतमय प्रस्तुतिकरण आमगांव के अलंकार आर्केस्ट्रा के द्वारा प्रस्तुत किया गया। ज़हां सर्वप्रथम पंडित सतेन्द्र महाराज के द्वारा पूजन विधि विधान के साथ प्रारंभ किया गया जिसमें यजमान महेंद्र पटेल उनकी पत्नी प्रभा पटेल और कल्पा पटेल तथा बच्चे खुशी,तेजश एवं तनवी के द्वारा पूजा प्रारंभ की गई। जिसके पश्चात अलंकार आर्केस्ट्रा के संगीतज्ञ गायक देवेन्द्र कुमार नगपुरे सहायक संगीतकार राजकुमार और हेमराज के द्वारा सुंदरकांड का संगीतमय पाठ किया गया। इस दौरान आर्गन वादक बंटी भाई, पेड वादक ऋषि भाई एवं ढोलक वादक भुपेंद्र भाई ने सुरमयी आवाज को ताल प्रदान किया। सुंदरकांड पाठ पश्चात सुंदर सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई, जिसे सुनकर श्रद्धालु श्रोतागण नाचते झुमते रहें।

## महाप्रसाद के साथ साथ किया ग्रामीणों को वितरित किए 2 सैकड़े पौधे

सुंदरकांड एवं भजनों की प्रस्तुति के बाद उपस्थित जनसमुदाय के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था की गई थी,जिसे पाकर सभी अपने आप को धन्य मानने लगे। वहीं इस सुंदर आयोजन में ग्रामीणों को महेंद्र पटेल अपने परिजनों के साथ मिलकर 2 सौ से भी अधिक निम के पौधे वितरित कर पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दिया है। इस बारे में महेंद्र पटेल ने बताया कि व्रक्ष हमारे जीवन का आधार है। पर्यावरण को स्वच्छ सुंदर और संतुलित रखने के लिए हमें अधिक से अधिक व्रक्षारोपण करना चाहिए और इसी उद्देश्य के साथ मेरे द्वारा सुंदरकांड पाठ आयोजन में ग्रामीणों को पौधे वितरित किए गए। वहीं जनपद पंचायत का सदस्य होने से मेरे कर्तव्य और दायित्व बढ़ चुके हैं। सभी की उम्मीदों पर खरा उतरना मेरी प्राथमिकता होगी। हमारे क्षेत्र में सुख शांति समृद्धी खुशहाली और विकास बना रहे इस हेतु सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।

# शासकीय माध्यमिक विद्यालय रायश्री पर तिरंगा रैली का आयोजन

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** देश मैं चल रहे तिरंगा यात्रा औऱ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के आव्हान पर आज शासकीय माध्यमिक विद्यालय रायश्री पर तिरंगा रैली का आयोजन किया गया तिरंगा रैली का



नेतृत्व विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज श्रीवास्तव के द्वारा किया गया तिरंगा रैली का गांव के सरपंच श्री अशोक कटारे के द्वारा स्वागत किया गया एवं पुष्ठाहार भेंट किए गए ग्रामीण जनों द्वारा एवं सरपंच एवं सेक्रेटरी एवं रोजगार सहायक के साथ-साथ अन्य ग्रामवासी रैली में सम्मिलित हुए विद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा जय घोष के साथ-साथ नारे लगाए गए विद्यालय परिवार की ओर से श्री रमेश कुमार शर्मा श्री अलंकार आगवेकर श्रीमती अंजलि भार्गव श्री अरविंद जैन श्री कमलेश शर्मा श्रीमती ममता तिवारी श्रीमती सरोज आर्य श्रीमती सुनीता सरित श्रीमती रंजना यादव एवं समस्त स्टाफ के द्वारा सहयोग किया गया

# ग्वालियर पुलिस ने सायबर काईम अवेयरनेस विषय पर किया सेमीनार का आयोजन

**ग्वालियर ।** पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी,भापुसे के निर्देश पर ग्वालियर जिले में चलाये जा रहे सायबर काईम अवेयरनेस प्रोग्राम के तहत आज दिनांक को माधव







इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस इंजीनियरिंग कॉलेज, ग्वालियर में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को सायबर क्राईम एवं उसकी रोकथाम के संबंध में जानकारी दी गई। सेमीनार में कॉलेज के स्टॉफ सहित लगभग 300 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान अति. पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व / अपराध) श्री राजेश डण्डोतिया द्वारा आजादी 75 वर्ष पूर्ण होने पर मनाये जा रहे ''अमृत महोत्सव'' के तहत चलाये जा रहे ''हर घर तिरंगा अभियान'' के तहत छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गई।

## कॉलेज के स्टॉफ सहित छात्र-छात्राओं को तिरंगा झंडा प्रदाय कर पैदल रैली भी निकाली गई।

तद्उपरांत कॉलेज के स्टॉफ सहित छात्र-छात्राओं को तिरंगा झंडा प्रदाय कर पैदल रैली भी निकाली गई। इस अभियान में कॉलेज के स्टॉफ सहित छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस सेमीनार का प्रारंभ अति पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व / अपराध) श्री राजेश डण्डोतिया द्वारा अपने उद्बोधन से किया गया। एएसपी क्राईम द्वारा सेमीनार में उपस्थित सभी को सायबर अपराधों से जुड़ी विभिन्न केस स्टडीज़ से अवगत कराया। उन्होंने वर्तमान में पुलिस के पास आने वाली सायबर अपराध संबंधी शिकायतों को साझा किया। जिनमें उनके द्वारा मुख्यतः सेक्सट्रार्सन, सोशल मीडिया फ्रॉड, कॉल सेंटर के माध्यम से फ्रॉड लॉटरी फ्रॉड आदि के संबंध मे व्याख्यान दिया गया। सेमीनार में उपस्थित सभी को एएसपी क्राईम द्वारा स्मार्ट फोन का उपयोग करते समय कौन-कौन सी सावधानियां बरतें इस विषय पर भी प्रकाश डाला गया, साथ ही उनको सायबर अपराधों से बचने के उपायो से भी अवगत कराया। सायबर काईम अवेयनेस की ओर ग्वालियर पुलिस द्वारा किये गये प्रोग्रामों का मुख्य उद्देश्य आने वाली नवीन पीढ़ी को सायबर अपराधों के प्रति जागरूक करना है। जिससे भविष्य में सायबर संबंधी अपराधों पर पूर्णत रोक लगाई जा सके। सेमीनार के उपरांत एएसपी क्राइम श्री राजेश दण्डौतिया द्वारा हर घर तिरंगा मिशन के तहत कॉलेज के सभी छात्र व स्टॉफ आदि को राष्ट्रीय ध्वज वितरित कर कॉलेज में तिरंगा रैली निकाली गई एवं स्टॉफ सहित छात्र-छात्राओं को घर एवं व?यापारिक संस?थानों पर तिरंगा झंडा लगाने के लिये जागरूक किया गया। इस सेमीनार में अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) के साथ स्ढ्ढञ्जस् कॉलेज के रजिस?ट्रार डॉ. प्रत?येश जायसवाल, डॉ. राजीव कंसाल, डीन स?टूडेंट वेलफेयर डॉ. पी.के. सिंघल, डॉ. मनीष दीक्षित, प्रोफेसर प्रभाकर शर्मा सहित क्राइम ब्रांच के सायबर क्राइम टीम के उनि0 धर्मेंद्र शर्मा व आर सुमित भदौरिया तथा स्ढ्ढञ्जस् कॉलेज का स्टॉफ उपस्थित रहे।

# बीपीएओ टीम अम्बाह द्वारा शहर में निकाली तिरंगा यात्रा



**पुष्पांजली टुडे**

**अम्बाह...** प्रजापति समाज अंबाह द्वारा आज भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज नगर अंबाह में तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें प्रजापति समाज के सैकड़ो गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए और उनके द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत लोगो को जागरूक किया इस कार्यक्रम का आयोजन बीपीएचओ टीम अम्बाह द्वारा किया गया ।

## बिलाड़ा की रेखा सीरवी ने लॉन्ग जंप में जीता गोल्ड मेडल



**पुष्पाजंली टुडे**

**जोधपुर** –सीरवी मोतीसिंह स्टेडियम के कोच सुरेंद्र सिंह काग ने बताया है कि जुनियर सब जुनियर छात्र छात्रा एथेलेटिक्स संघ के सचिव ओमपुरी व अध्यक्ष रज्जाक मोहम्मद द्वारा दो दिवसीय प्रतियोगिता आयु वर्ग (14,16,18,20) वर्ष हो रही है। जिसमें द्वितीय दिन बिलाड़ा की रेखा सीरवी पुत्री नेमीचंद 18 वर्ष आयु वर्ष में गोल्ड मेडल जीता व मीनाक्षी पुत्री रामलाल 18 आयु वर्ष जिले में सिल्वर मेडल जीता। सभी एथेलिट सुरेंद्र सिंह के पास अभ्यास करते हैं इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ के अध्यक्ष हापूराम जी चौधरी ने व बिलाड़ा विधायक महोदय हीराराम मेघवाल ने इन बच्चों व कोच सुरेंद्र सिंह को बधाई दी। बिलाड़ा की बालिकाओं के इस प्रकार मेडल जीतना बड़ा ही हर्ष का विषय है ?। यह प्रतियोगिता गौशाला मैदान जोधपुर में आयोजित हो रही हैं। अब ये प्रतियोगिता चुरू में 27-29 आगस्त 2022 राज्य स्तर पर खेली जाएगी

# दबोह में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित,पुनः बैठी कॉंग्रेस की परिषद





## कॉंग्रेस से अध्यक्ष बनी बिमला नरेंद्र दुधारिया व उपाध्यक्ष बने हाकिम चौधरी

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह**–दबोह नगर की नगर परिषद में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों का ही चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ है।अध्यक्ष कॉंग्रेस की वार्ड नं.6 से विजय हुई बिमला नरेंद्र दुधारिया बनी है तो वहीं उपाध्यक्ष भी कॉंग्रेस के वार्ड नं.4 से विजय हुए हाकिम सिंह चौधरी बने है।अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों ही पदों पर कॉंग्रेस का कब्जा रहा है।यहाँ बता दे कि नगर परिषद चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होने से पहले ही मध्यप्रदेश कॉंग्रेस के नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने नगर परिषद दबोह में कॉंग्रेस की परिषद बनने की घोषणा कर दी थी।जिसके बाद नगर परिषद चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ हुई और कॉंग्रेस ने नगर की 15 वार्डों में से 12 वार्डो पर विजय प्राप्त की तदोपरांत निश्चित दिनांक व समय पर अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हुई और इनके विरोध में भाजपा के किसी भी पार्षद का फॉर्म भरना तो दूर की बात है कार्यालय के आस-पास भी नजर नही आये।जिसके बाद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के नामों की घोषणा कर दी गई।अध्यक्ष पद के लिए नगर परिषद कार्यालय में लगभग 11 बजे से नाम निर्देशन फॉर्म भरने की प्रक्रिया प्रारंभ हुई 12 बजे तक केवल कॉंग्रेस की बिमला नरेंद्र दुधारिया के द्वारा ही फॉर्म भरा गया था।जिसके बाद उनकी फॉर्म की समीक्षा करने के उपरांत उनके नाम की अध्यक्ष पद के लिए घोषणा कर दी गई।उपाध्यक्ष पद के लिए लगभग 2 बजे से नाम निर्देशन फॉर्म भरे गए।इस दौरान कॉंग्रेस नेता हाकिम चौधरी के अलावा किसी ने भी अपना नाम निर्देशन पर नहीं भरा।जिसके बाद उनके फॉर्म की समीक्षा करके उनके नाम की उपाध्यक्ष पद के लिए घोषणा कर दी गई।इस दौरान पीठासीन अधिकारी महेंद्र गुप्ता,सहायक पीठासीन अधिकारी अमित दुबे,कमलेश झा ने प्रमाण पत्र प्रदान किये।यहां बता दें कि उपाध्यक्ष बने हाकिम चौधरी नगर के जाने माने एक प्रतिष्ठित व्यक्ति है जो काफी लंबे समय से मध्यप्रदेश नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह के निर्देशन में कॉंग्रेस पार्टी में अपनी सेवाएं दे रहे है।वहीं नगर के युवाओं का भी चौधरी से एक अलग ही लगाव बना हुआ है नगर के आम नागरिकों से भी चौधरी के अच्छे संबंध है जैसे ही कॉंग्रेस के कार्यकर्ताओं को अध्यक्ष और उपाध्यक्ष कॉंग्रेस के बनने की खबर लगी तो वह ढोल नगाड़ों एवं डी.जे के साथ नगर परिषद कार्यालय के बाहर पहुंच गए और वहां से नगर के नगर परिषद कार्यालय से लेकर वार्ड नं. 4 के पूर्व पार्षद सना उल्ला खान के घर तक धूमधाम के साथ अपनी खुशी जाहिर करते हुए एक जुलूस निकाल कर जश्न मनाया।यह जुलूस वापस आ कर स्थानीय झंडा चौक पर एक सभा में परिवर्तित हो गया जहाँ अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र दुधारिया ने कहा कि दबोह की जनता ने हम पर जो विश्वास जताया है हम उसको ईमानदारी के साथ काम करके बखूबी निभाने का प्रयास करेंगे।कार्यक्रम मंच संचालन मध्यप्रदेश कॉंग्रेस के महामंत्री शिवनारायण दुबे बल्लू बकील ने किया

## छह माह में बदल दूंगा नगर की दशा-हाकिम चौधरी उपाध्यक्ष

दबोह में हुए अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के निर्वाचन के दौरान नव निर्वाचित उपाध्यक्ष हाकिम चौधरी ने दबोह की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप लोग मुझे सिर्फ छह महीने का समय दे इन छह महीनों के अंदर मैं नगर की सारी व्यवस्थाओं को व्यवस्थित कर नगर की दशा बदल दूंगा।यदि जिस दिन मैं यह नही कर पाऊंगा उस दिन मुझे दबोह के उपाध्यक्ष पद पर रहने का कोई अधिकार नही होगा।मै स्वयं अपने पद से इस्तीफा दे दूंगा नगर परिषद कार्यालय में चल रहे भ्रष्टाचार को पूर्ण रूप से खत्म कर दूंगा यह मेरा आप लोगो से वादा है।इस मौके पर जिला पूर्व जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष राजा बाबू सेंगर,युवक कॉंग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय सचिव अनुरुद्ध प्रताप सिंह,लहार ब्लॉक अध्यक्ष लहार राजू मौलया,कॉंग्रेस नेता नवनिर्वाचित लहार जनपद उपाध्यक्ष रामेश्वर दयाल कौरव,रमा शंकर कौरव(रमा कौरव),राजेन्द्र खेमरिया,पार्षद पति माधव यादव,पार्षद सुधीर तिवारी,पार्षद जगमोहन तेहरिया,पूर्व पार्षद सना उल्ला खान,पार्षद पति शेरे पठान,पार्षद दिनेश ठाकुर आदि लोग मौजूद रहे।

# हर्षोल्लास से मनाया विश्व आदिवासी दिवसः विधायक हिना कावरे ने आदिवासी बालिकाओं के साथ किया नृत्य





**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**बालाघाट।** जिले की लांजी तहसील में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस पर कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मिनी स्टेडियम लांजी में समाजसेवी ऋषिकेश घोरमारे के मुख्यातिथ्य एवं धनीराम इनवाती की अध्यक्षता में आदिवासी समाज के द्वारा मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महापुरुषों के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के पश्चात रैली गोंडवाना सामुदायिक भवन से लांजी नगर का भ्रमण करते हुए सुभाष चौक बस स्टैंड, गुजरी चौक होते हुए मिनी स्टेडियम में पहुंची जहाँ मंचीय कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष धनीराम इनवाती ने मुख्य अतिथि, विशेष अतिथि, मातृशक्ति, पितृशक्ति, व आदिवासी समाज का मंच से स्वागत किया। विश्व आदिवासी दिवस पर आदिवासी संस्कृति, वेशभूषा, नृत्य आदि का परिचय दिया गया। साथ ही प्रमुख रूप से वक्ताओं के द्वारा उदबोधन देते हुए अपने विचार रखें, जिसमें अमोल सिंह धुर्वे के द्वारा गोंडी संस्कृति, रीति-रिवाज, महुआ फूल, पीले रंग की विशेषता पर अपना वक्तव्य रखा।

साथ ही महेंद्र सिरामें द्वारा 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस क्यों और कैसे विषय पर अपनी बात रखी जिसमें विस्तृत रूप से 9 अगस्त के इतिहास व महत्व को बताया गया। इसी तारतम्य में अतुल हनोते ने किसान, कबीलाई कामगार, आदिवासियों के निवास और बाजारवाद का उदय पर अपने उदगार रखें। वक्ता मोतीराम उईके ने देश के आदिवासियों की हत्या बलात्कार विस्थापन की समस्या पर विचार रखते हुए कहा कि आदिवासियों का जल जंगल जमीन से पीढ़ी दर पीढ़ी नाता रहा हैं। विकास के नाम पर आदिवासियों का विस्थापन कर जंगल का विनाश किया जा रहा हैं। विशेष अतिथि राजकुमार नागेश्वर ने उदबोधन स्वरूप आदिवासियों के अधिकार व मानिक लाल पांचे ने आदिवासी संस्कृति पर अन्य समाज का प्रभाव न पड़े, साथ ही इस संस्कृति से हमें सीखने की आवश्यकता हैं यह बात कही।

**रेला पाटा व सांस्कृतिक नृत्य रहे आकर्षण का केंद्रः** आदिवासी समाज द्वारा सुभाष चौक बस स्टैंड में रेला पाटा आदिवासी नृत्य ने सभी का मन मोह लिया जिस पर सभी समुदाय वर्ग के लोग भी झूम उठे। नृत्य, संस्कृति, पारंपरिक आदिवासियों की प्रभावशीलता को देखते हुए लांजी किरनापुर क्षेत्र की विधायक हिना कावरे भी आदिवासी युवतियों के साथ नृत्य करते हुए आदिवासी समाज को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में युवा व नन्हे बच्चों ने अपनी प्रस्तुति प्रदान की जिसमें टीमकीटोला ग्रुप हाय रे सरगुजा नाचे, बाघाटोला ग्रुप सावन भादो ना झड़ी लगता, गोवारी समाज ग्रुप री री लोयो, ढेंडुरबोड़ी ग्रुप घुंघरू ना गाड़ी ते,बगड़ी ग्रुप, लांजी ग्रुप, बकरामुंडी ग्रुप, वैशाली मर्सकोले रे रिलो, आंचल पन्द्रे, नेहा उइके, नंदनी पन्द्रे, मोहती धुर्वे, शुभम धुर्वे, ग्रेसी अशोक नारनौरे री रेला ना रे गीत पर पारम्परिक नृत्य किया गया। प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने खूब तालियां बटोरी, कार्यक्रम में मंच संचालन गांधी घोरमारे, दिनू उइके व सुशीला वरकड़े द्वारा अपनी भूमिका निभाई।

**कार्यक्रम में यह रहे उपस्थितः** विश्व आदिवासी कार्यक्रम में अध्यक्ष धनीराम इनवाती, मुख्य अतिथि ऋषिकेश घोरमारे, विशेष अतिथि राजकुमार नागेश्वर, माणिक पांचे, पी डी भालाधरे, अरुण टाँडेकर, एम के मडामे , विशिष्ट अतिथि सदन धुर्वे, मुन्नालाल मलगाम, अशोक घरते, श्रावण उईके, मोतिराम उईके, अमोल सिंह धुर्वे , हीरामन उइके, अशोक मर्सकोले, दिलीप उईके, नरषोत्तम चौधरी, मोहन खुडसाम, सुरेन्द्र चौधरी, सालीकराम नारनौरे, धनीराम धारने, परसराम पंद्रे, ओमकार मंडलवार, लक्ष्मण नेवारे, महेंद्र सिरामे, सदाराम रंधये, राधेश्याम नारनौरे, सी एल उईके, मातृ शक्ति में ममता ढोक, ममता सिरामे, पूनम गुर्दे, श्रीवंती गुर्दे, कांति घोरमारे, सुनीता चौधरी, राजकुमारी धुर्वे, हिरूबाई धारने, विमला चौधरी, ममता घोरमारे ललिता उईके, युवा शक्ति में सुशीला वरकडे, गीता मर्सकोले, प्रतीक्षा परते, सोनम मर्सकोले,अतुल हनोते, अजय नेवारे, रोशन घोरमारे, शिवनारायण हनोते, गांधी घोरमारे, वेद कुमार ड़ोंगरे, ओमप्रकाश नारनौरे, चंद्र प्रकाश रंधये, धर्मेन्द्र धारने, मोहित सरवरे, सोनू उईके, संदीप टेकाम, मनिराम उईके, महेश घोरमारे, विनोद उइके, डेविड उइके के अलावा समाज के सामाजिक कार्यकर्ता व युवा संगठन साथी, सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहे।

**इन मांगों को लेकर सौंपा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन? :** कार्यक्रम उपरांत आदिवासी समाज द्वारा महामहिम राष्ट्रपति एवं महामहिम राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में लेख है की लांजी क्षेत्र को पांचवी अनुसूची के दायरे में लाया जाए, लांजी क्षेत्र में जनजाति छात्रों हेतु अलग-अलग बालक बालिका छात्रावास बनाए जाए, लांजी नगर में गोंडवाना की रानी तिलकारानी की प्रतिमा स्थल हेतु अनुमति प्रदान करें, संपूर्ण देश में आदिवासी के विशेषाधिकार वन विभाग अधिनियम 2006, संविधान की पांचवी एवं छठवीं अनुसूची, पेसा कानून 1996 लागू किया जाए, देश के आदिवासियों की चिंतनीय घटती जनसंख्या, हत्या, बलात्कार, विस्थापन, धर्म परिवर्तन, पलायन को रोका जाए, संयुक्त राष्ट्र संघ के निर्देशानुसार आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों, शिक्षा का प्रसार, मानवाधिकार, ग्लोबल वार्मिंग पर्यावरण संतुलन पर भारत सरकार श्वेत पत्र जारी करें।

# सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर में तकनीकी अधिकारी बेसिक कोर्स क्रमांक-43 की भव्य दीक्षांत परेड का आयोजन





ग्वालियर। सीमा सुरक्षा बल अकादमी में तकनीकी अधिकारी बेसिक कोर्स क्रमांक 43 का भव्य शपथ परेड का आज आयोजन किया गया।इस परेड में 42 मेडिकल ऑफिसर तथा 01 इंजीनियर ऑफिसर ने प्रशिक्षण लिया। परेड में 16 महिला प्रशिक्षु अधिकारियों सहित कुल 43 तकनीकी प्रशिक्षु अधिकारियों ने श्री जे एस ऑबराय, वी0एस0एम0, महानिरीक्षक / संयुक्त निदेशक, सीमा सुरक्षा बल,अकादमीटेकनपुर को सलामी देते हुये एक शानदार परेड का प्रदर्शन किया। इस परेड की कमाण्डर प्रशिक्षु अधिकारी डाक्टर शौरवी सक्सेना रही तथा सभी प्रशिक्षु अधिकारियों ने मुख्य अतिथि श्री जे एस ऑबराय, वी0एस0एम0 के समक्ष देश के संविधान के प्रति एकता, अखण्डता व सम्प्रभुता को बनाये रखने के लिये अपने आपको समर्पित करने की शपथ ली।

कार्यक्रम की शुरूआत परेड के ग्राउण्ड पर आने से हुई। परेड ने पहले श्री कैलाश लाल साह, उप महानिरीक्षक / वरिष्ठ अनुदेशक को सलामी दी।इन युवा अधिकारियों में 36 एमबीबीएस,3 एमबीबीएस / एमडी,01 एमबीबीएस / डीए, 01एमएमबीएस / डीपीएम / डीएनएस,01 एमबीबीएस / एमएचए तथा 01 बीटेक की शैक्षणिक योग्यता रखते हैं। पास आऊट होने वाले अधिकारी देश के अलग-अलग राज्यों से संबंध रखते हैं।

अकादमी के निदेशक / अपर महानिदेशक श्री पंकज गूमर, संयुक्त निदेशक / मुख्य अनुदेशक श्री जे एस ऑबराय, उप महानिरीक्षक / वरिष्ठ अनुदेशक श्री कैलाश लाल साह, द्वितीय कमान अधिकारी श्री ऊधम सिंह कुहाड एवं सी ओ टी की प्रशिक्षण टीम के कुशल मार्गदर्शन में इन अधिकारियों ने कठिन प्रशिक्षण प्राप्त करके अपने आपको देश की सीमाओं की देखभाल के लिये सक्षम बनाया है।



तकनीकी अधिकारियों को 19 सप्ताह के कठिन प्रशिक्षण की भट्ठी में फौलाद की तरह तपाकर सीमा सुरक्षा बल की कुशल प्रशिक्षण टीम ने इन्हें शारीरिक प्रशिक्षण, ड्रिल, युद्ध कौशल, निशानेबाजी, विधि व कानून, मानवाधिकार अधिनियम, पुलिस की रोजमर्रा की कार्यवाही. आपदा प्रबंधन, मैप रीडिंग, सीमा की निगरानी, आतंकवाद व उग्रवादियों से लड़ने जैसे विषयों के साथ तैराकी, और विशेष विषयों (चिकित्सा वअभियांत्रिकी) का भी गहन प्रशिक्षण दिया गया है। ट्रेनिंग के दौरान इनके व्यक्तित्व को संवारने, चरित्र निर्माण तथा नेतृत्व क्षमता को विकसित करने पर विशेष कार्यक्रम चलाये गये हैं।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री जे एस ऑबराय ने सबसे पहले अजेय प्रहरी / शहीद स्मारक परपुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धाजलि दी। उसके उपरान्त मुख्य अतिथि परेड ग्राउंड पहुंचें, वहां परेड का निरीक्षण किया और फिर अव्वल आये निम्न प्रशिक्षु अधिकारियों को ट्रॉफियाँ वितरित की।

मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में युवा अधिकारियों की इस परेड की भूरि-भूरि प्रशंसा की एवं शानदार टर्नआउट, जोश व प्रदर्शन को भी सराहा। मुख्यतिथि ने यह भी विचार व्यक्त किये कि परेड के स्तर से स्वतः आभास होता है कि प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षुओं को उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्रदान कर एक सामान्य नागरिक से एक दृढ एवं योग्य बल के अधिकारी के रूप में परिवर्तित किया है। साथ ही प्रशिक्षु अधिकारियों के माता-पिता को अपने सुपुत्र एवं सुपुत्रियों को देश सेवा में भेजने के लिए कोटि-कोटि धन्यवाद किया।प्रशिक्षुओं के अभिभावकों के लिए श्वान शो और ÷चेतक÷ (वाहन का खोलना और जोड़ना) के प्रदर्शन का आयोजन किया गया। परेड के उपरान्त मुख्य अतिथि श्री जे एस ऑबराय पिपिंग सेरेमनी में सम्मिलित हुए एवं प्रशिक्षु अधिकारियों और उनके अभिभावकों से मिले। इस दीक्षांत परेड के अवसर पर सीमा सुरक्षा बल अकादमी के अन्य अधिकारी और कार्मिकों के अतिरिक्त प्रशिक्षु अधिकारियों के परिवारजन भी उपस्थित रहे।

# महापौर डॉ. सिकरवार ने किया मेयर इन काउंसिल का गठन



ग्वालियर। महापौर डॉ. शोभा सतीश सिकरवार ने आज बुधवार को मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) का गठन कर पार्षदों को कार्यों के दायित्व सौपे।

निगम मुख्यालय में महापौर डॉ. सिकरवार ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए मेयर इन काउंसिल की घोषणा की। जिसमें पार्षद श्री अवधेश कौरव को स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग की जिम्मेदारी दी है। इसके साथ ही पार्षद श्री नाथूराम ठेकेदार को सामान्य प्रशासन विभाग, श्री सुरेश सिंह सोलंकी को राजस्व विभाग, श्रीमती सुनीता अरूणेश कुशवाह को लोक निर्माण एवं उद्यान विभाग एवं श्रीमती आशा सुरेन्द्र चैहान को जलकार्य तथा सीवरेज विभाग का दायित्व सौपा है। इस अवसर पर महापौर डॉ. सिकरवार ने सभी को शुभकमानायें दी तथा निगम के कार्यों को पूरी ईमांदारी से करने के लिये कहा।

## शुद्ध पर्यावरण एवं पर्याप्त ऑक्सीजन के लिए पौधारोपण अभियान निरंतर चलाना आवश्यकः महापौर डॉ शोभा सिकरवार




ग्वालियर। शुद्ध पर्यावरण एवं पर्याप्त ऑक्सीजन के लिए हम सभी का यह कर्तव्य है कि पौधारोपण अभियान निरंतर चलता रहे और रोपे गए पौधे वृक्ष का रूप लें यह हम सभी की जिम्मेदारी होना चाहिए। उक्त आशय के विचार महापौर डॉ श्रीमती शोभा सतीश सिंह सिकरवार ने आज बुधवार को मुरार लाल टिपारा स्थित आदर्श गौशाला के पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए । लाल टिपारा पार्क में नगर निगम ग्वालियर एवं किला गुरुद्वारा प्रधान प्रबंधन समिति, गौशाला समिति द्वारा आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम की अध्यक्षता आयुक्त नगर निगम श्री किशोर कन्याल ने की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रुप में गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के बाबा लक्खा सिंह एवं गौशाला के महंत स्वामी ऋषभ देव आनंद जी महाराज, अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक गण उपस्थित रहे। सभी अतिथियों द्वारा 551 बड़े पौधों का रोपण लाल टिपारा पार्क में किया गया। इस अवसर पर महापौर डॉ शोभा सिकरवार ने कहा कि कोरोना काल में हमने ऑक्सीजन की महत्ता को समझा है और देखा भी है इसलिए यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि पर्यावरण शुद्ध रहे एवं पर्याप्त ऑक्सीजन मिले इसके लिए हम सभी को निरंतर पौधारोपण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संतुलित पर्यावरण के लिये पौधरोपण जरूरी है।आज लगातार पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है ,जो मानव जीवन के लिये बेहद खतरनाक है। मानव जीवन सुरक्षित रहे इसके लिये बहुत आवष्यकता इस बात की है कि अधिक से अधिक पौधे लगाएं और पौधरोपण के बाद उनकी देख भाल ठीक से की जाय। दूषित पर्यावरण में पोलोथिन भी एक बड़ा कारण है, इसलिये में आमजनता से अपील करना चाहूंगी कि पोलोथिन का उपयोग पूरी तरह बंद करें और इस कार्य को सफल बनाने के लिये जनजागरण जरूरी है। इसलिये सामाजिक संस्थाएं आगे आएं ओर सभी को कपड़े के थैले का उपयोग करने के लिये प्रेरित करें ।

# सीआरपीएफ के जवानों ने स्कूली बच्चों के साथ निकाली तिरंगा यात्रा

### घर-घर राष्ट्रध्वज फहराने का दिया संदेश



ग्वालियर। हर घर तिरंगा अभियान के तहत ग्वालियर जिले में जगह-जगह तिरंगा यात्रा निकालकर लोगों को घर-घर तिरंगा लगाने के लिये जागरूक किया जा रहा है। इस कड़ी में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ग्रुप केन्द्र ग्वालियर में भी तिरंगा यात्रा निकाली गई।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के ग्रुप केन्द्र में स्थित मोंटेसरी स्कूल के बच्चों के साथ सीआरपीएफ के जवानों और अधिकारियों ने अपने-अपने हाथ में तिरंगा लेकर यात्रा निकाली। इसी तरह केन्द्रीय विद्यालय के बच्चों के साथ भी सीआरपीएफ द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर यह संदेश दिया गया कि भारत की आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर हर व्यक्ति में देश भक्ति की भावना जागृत करने के उद्देश्य से हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। सभी लोग 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों व संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज अवश्य फहराएँ।

तिरंगा यात्रा में सीआरपीएफ के कमांडेंट श्री ओमकार नाथ सिंह सहित सीआरपीएफ के अन्य अधिकारी-कर्मचारी व मोंटेसरी स्कूल व केन्द्रीय विद्यालय समूह के प्राचार्यों व शिक्षकों समेत बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों और जवानों ने हिस्सा लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार वाहन रवाना

**प्रधान जिला न्यायाधीश ने दिखाई हरी झंडी**

ग्वालियर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ग्वालियर श्री प्रेम नारायण सिंह के मार्गदर्शन में जिले में नेशनल लोक अदालत 13 अगस्त को जिला स्तर एवं तहसील स्तर पर आयोजित होगी। नेशनल लोक अदालत के प्रचार के लिए प्रचार वाहन को प्रधान जिला न्यायाधीश श्री प्रेम नारायण सिंह ने हरी झंडी दिखाकर न्यायालय परिसर से रवाना किया। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ग्वालियर श्री गालिब रसूल व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी - कर्मचारी उपस्थित रहे। यह प्रचार वाहन 10 अगस्त से 12 अगस्त तक तीन दिन ग्वालियर शहर के विभिन्न वार्डों एवं बस्तियों में जाकर लोक अदालत का प्रचार-प्रसार माइक व लाउडस्पीकर के माध्यम से करेगा।

### ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने गुना जिला चिकित्सालय और रेन बसेरा का निरीक्षण किया



**सफाई कार्य में लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी - ऊर्जा मंत्री श्री तोमर**

ग्वालियर। ऊर्जा मंत्री तथा गुना जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मंगलवार की रात्रि 11 बजे गुना चिकित्सालय का निरीक्षण किया। उन्होंने सर्जिकल वार्ड और रात में मरीजों की संख्या की जानकारी सिविल सर्जन से ली। उन्होंने भर्ती मरीजों से वन-टू-वन चर्चा कर स्वास्थ्य की जानकारी ली। मंत्री श्री तोमर ने ट्रामा सेंटर, आइसीयू में ऑक्सीजन सिलेंडर और अन्य उपकरणों के बारे में जाना। उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों, शौचालय एवं बाथरूम की सफाई व्यवस्था का जायजा भी लिया। सफाई में कमियाँ मिलने पर अस्पताल प्रबंधन पर नाराजगी जाहिर कर कहा कि स्वच्छता में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। अस्पताल का स्टॉफ समय पर ड्यूटी करे। प्रभारी मंत्री श्री तोमर बस स्टेण्ड स्थित रेन बसेरा भी पहुँचे। उन्होंने वहाँ ठहरने वाले को समय पर खाना देने और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए।

### हमें अपने राष्ट्रीय ध्वज को सदैव ऊंचा रखने के लिए एक होकर और मिलकर काम करना होगा-शेजवलकर

ग्वालियर। हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, हमें अपने राष्ट्रीय ध्वज को सदैव ऊंचा रखने के लिये एक होकर और मिलकर काम करना होगा। हर घर तिरंगा अभियान की शानदार सफलता के लिए हम सबको मिलकर काम करना होगा। तिरंगा प्रतीक है, जो पूरे देश को एकबद्ध करता है। उक्त उद्गार बुधवार को सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने पार्टी जिला मुख्यालय मुखर्जी भवन पर पार्षद एवं पार्षद प्रत्याशियों की बैठक में मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए। इस अवसर पर मंच पर जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, नगर निगम सभापति श्री मनोज तोमर, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष श्री हरिपाल, महामंत्रीगण श्री राजू सेंगर, श्री विनोद शर्मा, श्री हरीश मेवाफरोश उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारे देश का सम्मान और गौरव है। आजादी के अमृतमहोत्सव में हर घर तिरंगा लहराएं, राष्ट्र के गौरव व सम्मान के प्रतीक इस तिरंगे को हम स्वयं अपने घरों पर फहराएं।

# पर्यावरण रक्षा के प्रयासों को और बढ़ाने की जरूरत - श्री गालिब रसूल

### पंच-ज अभियान के अंतर्गत कैंसर पहाड़िया स्थित नगर वन में किया गया वृहद पौधरोपण

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व वनमंडल ने संयुक्त कार्यक्रम में रोपे एक हजार से ज्यादा पौधे



ग्वालियर। पर्यावरण रक्षा के लिए हर स्तर पर प्रयास बढ़ाए जाना चाहिए। कुछ दशक से पर्यावरण के बिगड़ने की गति बढ़ी है और मानव समाज के साथ पशु, पक्षियों, वनों एवं प्रकृति के प्रत्येक अंग के लिए विपरीत परिस्थिति बनी है। समय-समय पर पर्यावरण की रक्षा के लिए शासकीय व अशासकीय स्तर पर प्रयास होते हैं। ऐसे प्रयासों को और तेज करने की जरूरत है।

जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ग्वालियर श्री प्रेम नारायण सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में इस आशय के विचार अपर जिला न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री गालिब रसूल ने व्यक्त किए। श्री रसूल जन, जल, जमीन, जंगल और जानवर के संरक्षण व संवर्धन के लिए चलाये जा रहे ÷पंच-ज÷ अभियान के अंतर्गत कैंसर पहाड़िया स्थित ग्रीन रिसोर्ट व नगर वन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ग्वालियर व वनमंडल ग्वालियर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किये गये पौधरोपण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर आयोजित सामूहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम में विभिन्न प्रजातियों के लगभग एक हजार पौधे रोपे गए। सामूहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम में अपर जिला न्यायाधीश श्री गालिब रसूल, जिला विधिक सहायता अधिकारी दीपक शर्मा, एसडीओ वन श्री राजीव कौशल, वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री दीपेन्द्र पाठक, पैनल अधिवक्ता सुश्री शिल्पा डोंगरे, पीएलव्ही श्री प्रदीप कश्यप, श्री एन डी वर्मा, श्री अंशुमान शर्मा, श्री जगदीश प्रसाद, श्रीमती शाकिरा खान, श्रीमती ज्योति शर्मा, श्रीमती अर्चना शर्मा, श्री हर्षित गुप्ता,श्री नरेन्द्र कुशवाह, श्री हेमंत कुशवाह,श्री संदीप शर्मा, श्री सचिन प्रजापति, श्री अवधेश वर्मा, श्री होतम बाथम व श्री वासुदेव मिश्रा सहित वन विभाग के अन्य कर्मचारियों व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पीएलव्ही ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478